यहां का खाना जितना स्वादिष्ट होता है, उतना सेहतमंद भी होता है। राजस्थान की ऐसी कुछ चुनिंदा डिश जो की बेहद लोकप्रिय होने के साथ-साथ स्वादिष्ट भी होती है। दाल बात चूरमा राजस्थान की सबसे मशहूर डिश मानी जाती है। ये डिश अलग-अलग तरह के तीन आइटम्स के साथ परोसी जाती है। इसमें मसालेदार दाल, डीप फ्राई बाटी और मीठा चूरमा होता है। आटे से बनी बाटी को पहले गोल आकार में तैयार किया जाता है और फिर उसे हल्की आंच में पकाने के बाद घी में डुबाया जाता है। घी में डुबोने से इस डिश का स्वाद और बढ़ जाता है। आपको बता दें, चना, तुवर, मूंग, उड़द से बनी दाल को पंचमेल दाल कहते हैं, जिसे बाटी के साथ खाया जाता है।

### इंडियन मुजाहिदीन के सदस्य को हाईकोर्ट से जमानत मिली

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन (आईएम) के सह-संस्थापक अब्दुल सुभान कुरेशी को एक आतंकी मामले में जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने उनके कारावास की अवधि पर विचार किया, जो लगभग पांच साल थी, और निर्देश दिया कि जमानत के नियम और शर्तें ट्रायल कोर्ट द्वारा तय की जाएंगी।

पीठ ने कहा, यदि ट्रायल कोर्ट द्वारा लगाई गई किसी भी शर्त का उल्लंघन होता है या अपीलकर्ता (कुरैशी) प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी गवाह को धमकाने या प्रभावित करने का प्रयास करता है, या मुकदमे में देरी करने का प्रयास करता है, तो जमानत रद्द करने की मांग करना अभियोजन के लिए खुला होगा।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 12 मई, 2024



# 2047 तक सुपर पावर बनेगा भारत: राज्यपाल

## एपीजे सत्या विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह में दत्तात्रेय बोले, तकनीक अपनाने से युवाओं की निपुणता व सोच में होगी बढ़ोतरी

● इस मौके पर 1118 विद्यार्थियों को दी गईं डिग्रियां



गुरुग्राम के एपीजे सत्या विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में छात्रा को डिग्री देते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

पायनियर समाचा सेवा। गुरुग्राम

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि युवाओं को ज्ञान अर्जित करने के साथ-साथ तकनीक के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए आज के दौर में चल रही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), इंटरनेट तथा नई-नई तकनीकों का प्रयोग करना होगा। इससे उनकी निपुणता, नवाचार और सोच में बढ़ोतरी होगी। यह बात उन्होंने एपीजे सत्या यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कही।

दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने उत्तीर्ण हुए 1118 विद्यार्थियों को उपाधियां देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि साल 2047 तक भारत सुपर पावर बनेगा। इसमें आज के युवाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित होनी चाहिए, इसलिए युवाओं को इस कार्य में बढ़चढ़ कर भाग लेना होगा। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह में जब कोई विद्यार्थी कड़ी मेहनत व लग्न के साथ शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत उपाधि प्राप्त करता है तो वह पल उसके लिए बेहद गौरवशाली एवं उपलब्धि भरा होता है। आज का यह उपलब्धियों भरा गौरवमय क्षण आप विद्यार्थियों के अथक परिश्रम एवं सतत अध्ययन के साथ-साथ आपके माता-पिता के आपार त्याग, तपस्या और कठोर परिश्रम, गुरुजनों के सहयोग एवं मार्गदर्शन का परिणाम है।

दत्तात्रेय ने युवा विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह सही है कि आज आप उत्तीर्ण हुए हैं और डिग्री लेकर यहां से बाहर जा रहे हैं और इस डिग्री व ज्ञान से आपको नौकरी मिल जाएगी परंतु आपको इससे एक कदम और आगे बढकर सोचना चाहिए।

### सबसे प्रतिभावान युवाओं में भारतीय शामिल

राज्यपाल ने कहा कि वे समझते हैं कि भारत के युवा दुनिया के सबसे प्रतिभावान युवाओं में से एक हैं। भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा युवा जनशक्ति का है। 21वीं सदी में युवा ही भारत की सबसे बड़ी ताकत है। आज पूरी दुनिया भारत के युवाओं की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। उन्होंने कहा कि डॉ. सत्या पॉल एक महान स्वतंत्रता सेनानी, उत्कृष्ट नेता, उद्योगपति, प्रमुख शिक्षाविद्, परोपकारी और महान विचारक थे।

# 'मीडिया अमेज-2024' में झूमे छात्र-छात्राएं

● एसजीटी विवि में हुआ रंगारंग समारोह



मीडिया फेस्टिवल में कैटवाक करती छात्राएं व डांस करती एक छात्रा।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

फैकल्टी ऑफ मास कम्यूनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी, एसजीटी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय मीडिया फेस्टिवल 'मीडियाअमेज- 2024 का आयोजन किया गया। इस मीडिया फेस्टिवल में एसजीटी विश्वविद्यालय के अलावा दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न विश्वविद्यालयों तथा कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया।

ऐड मेकिंग, फोटोग्राफी, एंकर हंट, शॉर्ट फिल्म, मोनो ऐक्ट, रील मेकिंग, ग्रुप डांस, सोलो डांस, सिंगिंग, फैशन शोप्रतियोगिताओं में विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारत सरकार में मीडिया एंड एंटरटेनमेंट की प्रोजेक्ट हेड हिना गाबा भारद्वाज ने शिरकत की।

कार्यक्रम में न्यूज़ पेपर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सौजन्य से इंटरनेशनल कौंसिल फॉर जर्नलिस्ट अवार्ड प्रदान किए गए। इस अवसर पर न्यूजपेपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महासचिव विपिन गौड़ तथा उनकी टीम के सदस्य उपस्थित थे। एनएआई के पुरस्कार विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को प्रदान किए गए। एनएआई द्वारा फैकल्टी ऑफ मास कम्यूनिकेशन ऐंड मीडिया टेक्नोलॉजी (एसजीटी विश्वविद्यालय) को बेस्ट मीडिया इंस्टीट्यूट से सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाने वालों में फिल्मी कलाकार राधा भट्ट, आरजे अतिशय, फिल्मी कलाकार और कॉमेडियन दीपक सैनी, डायरेक्टर डॉ. अशोक त्यागी, एंकर पूर्णिमा मिश्रा, लीगल एडवाइजर निकिता गौरव उप्पल समेत कई जाने-माने नाम शामिल हैं। इस अवसर पर विवि के पीवीसी डॉ. एसपी अग्रवाल, रजिस्ट्रार डॉ. जोगिन्दर यादव, फैकल्टी ऑफ फार्मेसी के प्रिंसिपल डॉ. विजय भल्ला, डीन एकेडेमिक्स डॉ. राजेश कुमार सिन्हा समेत विभिन्न संकायों के डीन, पदाधिकारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# मोदी ने देश का हर स्तर पर विकास किया: बजाज

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



भाजपा कार्यालय में चिकित्सक प्रकोष्ठ की बैठक में मौजूद जिला अध्यक्ष व अन्य।

शनिवार को भाजपा के जिला अध्यक्ष कमल यादव के नेतृत्व में चिकित्सक प्रकोष्ठ भाजपा गुरुग्राम की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कमल यादव ने सभी डॉक्टरों से बूथ को मजबूत करने की अपील की।

जिला प्रभारी डॉ. हनीश बजाज ने आओ मिलकर देश बचाओ, मतदान के फर्ज निभाओ अभियान शुरू किया। सभी को अपने कर्मचारियों को प्रेरित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि हम सबको भाजपा की देश में तीसरी बार सरकार बनाने का हिस्सा बनना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का हर स्तर पर विकास किया है। पीएम मोदी ने देश के हित में ऐतिहासिक कार्य किए हैं।

बैठक में महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शिनी भी शामिल हुईं। जिला संयुक्त चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. सुदीप सिंघला ने सभी को आश्वासन दिया कि वह चिकित्सा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करेंगे। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. पुष्पा बिश्नोई और डॉ. ज्योति यादव ने मतदान में सुधार के लिए विचार दिए।

जिला सह संयोजक डॉ. अशोक कथूरिया और डॉ. सुभाष ने कहा कि वे अगले 15 दिनों तक वहां क्षेत्रों में मतदान जागरूकता कार्यक्रम चलाएंगे।

# उत्तर प्रदेश में सांसद रहते हुए मेरे पिता ने बहुत काम किए: जूही

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में पत्रकारों से बात करतीं राज बब्बर की बेटी जूही बब्बर, साथ में हैं उनके पति अनूप सोनी, पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल, कांग्रेस नेता पंकज डाबर।

गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राज बब्बर की बेटी जूही बब्बर ने कहा कि उनके पापा जहां से भी सांसद बने हैं, वहां विकास के खूब काम किए हैं। उनके किए हुए कार्यों को वहां की जनता आज भी याद करती है। यह बात उन्होंने शनिवार को आम आदमी पार्टी के नेता एवं पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल के कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में कही। इस दौरान जूही बब्बर के पति टीवी स्टार अनूप सोनी भी मौजूद रहे।

जूही बब्बर ने कहा कि मेरे पापा 1973 से अभिनेता हैं और पिछले 25 साल से राजनेता हैं। उन्हें सिर्फ अभिनेता ना कहें। अब तक उन्होंने उत्तर प्रदेश से सांसद रहकर बहुत काम किए हैं। बेहद खुशी की बात है कि अब पार्टी ने गुड़गांव में काम करने का मौका दिया है। गठबंधन के तहत यह सीट कांग्रेस को मिली है। यहां हम हैं और मेहनत कर रहे हैं। मार्केट में चुनाव प्रचार का जिक्र करते हुए जूही बब्बर ने कहा कि युवा बदलाव करने के मूढ़ में हैं। लोगों को खुशी है कि उनको पापा जैसा प्रत्याशी मिला है। राज बब्बर को सुपर स्टार कहने पर उन्होंने कहा कि थैंक्स आपने मेरे पापा को सुपर स्टार बताया। वे लंबे समय से राजनीति में हैं। उन्हें बहुत प्यार मिल रहा है। सिर्फ अभिनेता ही नहीं, नेता के रूप में भी जनता उन्हें प्यार दे रही है। गुड़गांव में आगरा, फिरोजाबाद के लोग उनसे मिले हैं।

### बदलाव चाह रही है युवा पीढ़ी: अभिनेत्री

जूही बब्बर ने कहा कि जो समस्याएं हमें पता चली हैं, सबका साथ रहा और जीत हुई तो उनको सुधारा जाएगा। हम लोगों के बीच में जा रहे हैं तो यह पता चला है कि लोग बदलाव चाह रहे हैं। बदलाव की सोच का भी यह कारण है कि यहां के सांसद ने कुछ नहीं किया। जूही बब्बर ने कहा कि जब जनता उन्हें चुनाव में जिता रही है तो उनका भी फर्ज बनता है कि उन्हें सुविधाएं दें। जिन लोगों ने भरोसा जताया है, उनका भरोसा पूरा करें। उन लोगों की समस्याओं का समाधान करें। वे पांच साल में नजर नहीं आते, जब नजर आते हैं तो इंस्टाग्राम की रील बनाते हैं। ऐसे में उनका सांसद होने का क्या मतलब। चुनाव प्रचार के दौरान जनता और खासकर युवाओं से मुलाकात के बाद जूही बब्बर ने कहा कि युवा पीढ़ी भी बदलाव चाह रही है। युवा पीढ़ी में जोश है।

## संक्षिप्त समाचार

### लूट व चोरी की वारदात को अंजाम देने का आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** टाउन पार्क से बाइक चोरी करके लूट समेत तीन वारदात को अंजाम देने के मामले में पुलिस न एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य आरोपी की तलाश जारी है। आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। मालूम हो कि 6 अप्रैल को आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर टाऊन पार्क के पास से मोटरसाइकिल चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया था। 12 अप्रैल की रात्रि करीब 11 बजे दशहरा ग्राउंड बीके के पास एक अन्य मोटरसाइकिल को अवैध हथियार दिखाकर लूट की थी तथा 16 अप्रैल को आरोपी ने अपने अन्य साथी के साथ मिलकर एसजीएम नगर में आटा चक्की के गल्ले से पैसे लूटने की कोशिश की थी। चक्की मालिक ने अरॉपीओ को पकड़ने की कोशिश की थी। जिसमें आरोपी मौके से फरार हो गए थे। तीनों वारदातों को देखते हुए सहायक पुलिस आयुक्त अपराध अमन यादव के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए अपारध शाखा सेक्टर-30 प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन की टीम ने एकआरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सन्नी वासी एसी नगर एनआईटी फरीदाबाद का रहने वाला है। आरोपी की पहचान अपराध शाखा टीम ने सीसीटीवी कैमरे से की थी। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने सेक्टर-12 एरिया से काबू किया है। आरोपी को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने तीनों वारदातो को अपने अन्य साथी के साथ मिलकर अंजाम दिया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी कम समय में अधिकर पैसे कमा कर समाज में रोब जमाना चहाता था जिसके लिए आरोपी ने अपने आई फोन 30000/-रु में बेचकर पिस्तौल खरीदी थी। आरोपी अपनी रिश्तेदारी में किसी काम से आगरा गया था वहां पर किसी निखलेश नाम के व्यक्ति से पिस्तौल को 25000/-रु में खरीद कर लाया था उस व्यक्ति का आरोपी नाम नाम जानता है।

### बिहार से फरीदाबाद गांजा सप्लाई करने आए दो दबोचे



बिहार से गांजा सप्लाई करने आए युवक पुलिस हिरासत में।

**फरीदाबाद।** नशे का कारोबार का धंधा किस तरह फैला हुआ है, इसका अंदाजा फरीदाबाद में गांजा समेत दबोचे गए दो आरोपियों से लगाया जा सकता है, जिन्होंने पूछ ताछ के दौरान खुलासा किया कि वे इस गांजा को फरीदाबाद में बिहार से बेचने आए थे। दरअसल पुलिस उपायुक्त अपराध हेमेंन्द्र कुमार मीणा द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने का अभियान चलाया हुआ है। इसके तहत अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर प्रभारी जितेन्द्र की टीम ने नशा तस्करी करने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में रामबाबू सिंह (32) और भूल्लू कुमार(24) शामिल है। दोनों आरोपी बिहार के छपरा जिले के रहने वाले है। अपराध शाखा टीम ने दोनों आरोपियो को सेक्टर-29 पुल के पास फरीदाबाद एरिया से काबू किया। दोनों आरोपियो की तलाशी लेने पर आरोपियो से 10.190 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। दोनों आरोपियो के खिलाफ थाना खेडी पुल में नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियो को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियो से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी बिहार में किसी व्यक्ति के गांजे को फरीदाबाद में स्पलाई के लिए आए थे। जिसने रास्ते के खर्च के लिए 5000/-रु व एक चक्कर के 5000/-रु के नाम पैसे दिए है। दोनों आरोपी मजदूरी का काम करते हुए। दोनों आरोपियों को मुकदमें में पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर 6 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# परशुराम जयंती का नहीं होने देंगे राजनीतिकरण: नवीन



गुरुग्राम में परशुराम जयंती के लिए न्यौता देते नवीन जयहिंद।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

हरियाणा की राजनीति के केंद्र बिंदू में सतलुज-यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर सदा ही रही है, लेकिन इस बार के चुनाव में एसवाईएल को नेताओं ने भुला दिया है। चुनाव के दौरान एसवाईएल का मुद्दा पीछे धकेला हुआ है। चाहे भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह हो या इंडिया गठबंधन प्रत्याशी राज बब्बर हों, दोनों कुछ नहीं बोल रहे। यह बात जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद ने शनिवार को यहां पत्रकार वार्ता में कही।

नवीन जयहिंद ने कहा कि 19 मई को रोहतक के गांव पहरावर में भगवान परशुराम जी की जयंती मनाई जा रही है। इस जयंती का किसी भी सूरत में राजनीतिकरण नहीं होने देंगे। 36 बिरादरी का यह आयोजन होगा। वे 36 बिरादरी और भाईचारे को कार्यक्रम का न्यौता दे रहे हैं। उन्होंने गुरुग्रामवासियों से रोहतक के पहरावर गांव में मनाई जाने वाली परशुराम जयंती में पहुंचने का न्यौता दिया। नवीन जयहिंद ने कहा कि 36 बिरादरी में अगर किसी के साथ भी अन्याय हो रहा हो तो उन्हें आवाज उठानी चाहिए। गरीब कमजोर की लड़ाई लडने वाला ही परशुराम का असली चेला होता है। जो आवाज नहीं उठा सकते वह किसी भी भगवान के भक्त नहीं हो सकते।

जयहिंद ने कहा कि पहरावर में 121 फीट ऊंचे भगवान परशुराम मंदिर मूर्ति निर्माण की नींव रखी जाएगी। भगवान परशुराम की मूर्ति न्याय, मान-सम्मान और स्वाभिमान की प्रतीक होगी। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के अनेक सहयोगियों ने समाज के हक की लड़ाई में अपना भरपूर सहयोग दिया था। जिन सामाजिक योद्धाओं ने पहरावर की जमीन के लिए संघर्ष किया, उन्हें भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर सम्मानित किया जायेगा।

# नर्सिंग के लिए इंसानियत की भावना जरूरी

विश्व नर्सिंग दिवस

● विदेशों में बढ़ रही भारतीय नर्सों की मांग

### देश में लगभग 4 लाख प्रशिक्षित नर्सें फिर भी कमी से जूझ रहा देश

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

नर्सिंग एक ऐसा प्रोफेशन है, जिसमें आने के लिए आपके दिल में दयालुता और सेवा भाव होना चाहिए। 19वीं सदी में हुईं फ्लोरेंस नाइटिंगेल, जिन्हें आधुनिक नर्सिंग के संस्थापक के रूप में जाना जाता है। उन्होंने क्रीमिया युद्ध के दौरान नर्सिंग की शिक्षा और स्वच्छता प्रथाओं की शुरुआत की। विश्व नर्सिंग दिवस पर हम उन सभी नर्सिंग प्रोफेशनल्स को सेल्यूट करते हैं, जो इस पेशे में रहकर फ्लोरेंस नाइटिंगेल की राह पर चलते हुए मानवता और इंसानियत की सच्ची सेवा करती हैं।

हेल्थ सेक्टर में नर्सिंग की सबसे अधिक जरूरत होती है। शहरीकरण और निरंतर बढ़ रही जनसंख्या की वजह से हेल्थ सर्विसिज की मांग भी बढ़ती जा रही है।

नर्सिंग प्रोफेशन की नींव ही सभी को समान समझते हुए बीमारी में सेवा, देखभाल के उद्देश्य को पूर्ण करती है। मानवीय सेवा का कार्य होने के कारण नर्सिंग को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। भारत में केरल राज्य से सबसे अधिक युवतियां, महिलाएं नर्सिंग के क्षेत्र को अपनाती हैं। महिलाओं के साथ पुरूष भी बड़ी संख्या में इस पेशे को अपना रहे हैं। विदेशों में नर्सिंग के लिए भारत से नर्सेज की बड़ी मांग है। ऐसे में भारत में नर्सिंग पेशेवरों की संख्या घटी है।

भारतीय नर्सेज विश्व में सबसे बेहतर व अच्छी नर्सेज मानी जाती हैं। उनके अंदर मानवीयता, अपने काम के प्रति निष्ठा, काम में निपुणता होती है। नर्सिंग के काम में जिन मानवीय गुणों की आवश्यकता होती है, वे महिलाओं में स्वाभाविक रूप से होते हैं। इसलिए नर्सिंग के क्षेत्र में महिलाओं को ही इस काम में प्राथमिकता मिलती है। अमेरिका के साथ यूरोपीय देशों में भारतीय नर्सेज की मांग लगातार बढ़ रही है। ब्रिटेन में नर्सिंग प्रोफेशनल्स में विदेशी महिलाओं में सबसे अधिक भारतीय नर्सेज ही हैं। भारत में करीब चार लाख प्रशिक्षित नर्सेज हैं। आबादी के हिसाब से जितनी नर्सेज होनी चाहिए, उतनी नहीं हैं।

हकीकत में यह संख्या बहुत ही कम है। लगातार बढ़ रही भारत की आबादी के हिसाब से दो साल में देश में कम से कम 10 लाख प्रशिक्षित नर्सेज की जरूरत होगी।



"देखने में भले ही किसी को आसान लगे, लेकिन नर्सिंग का काम कोई आसान नहीं है। हर कदम पर चुनौतियां होती हैं। एक नर्सिंग ऑफिसर को खुद को मरीज के दुख-दर्द का हिस्सा बनना पड़ता है। मरीज की भलाई, मरीज का उपचार करने में नर्सिंग अपनी भावनाओं को भी दरकिनार करती हैं। कई बार उन्हें मरीज के साथ भी सख्त व्यवहार करना पड़ता है। लेकिन ऐसा कतई नहीं होता कि कोई नर्सिंग दिल से उसके साथ ऐसा व्यवहार करती है।"

**निर्मल ढांडा, चेयरपर्सन, नर्सिंग एसोसिएशन, हरियाणा**



"नर्सिंग एक सेवाभाव का कार्य है। मरीज का ट्रीटमेंट करके उसे शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखने का काम भी नर्सिंग ऑफिसर करती हैं। एक नर्सिंग ऑफिसर केवल मरीज का उपचार ही नहीं करती, वह उसे स्वस्थ होने का भरोसा दिलाकर मनोवैज्ञानिक रूप से मजबूत करने का कार्य भी करती है। उसकी सेवा भावना सबके लिए एक समान ही होती है और होनी भी चाहिए। फ्लोरेंस नाइटिंगेल की शिक्षा को हमें हर कदम पर फॉलो करना चाहिए। यही उनको सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी।"

**नीलम मल्होत्रा, एसएनओ, नागरिक अस्पताल, गुरुग्राम**



"नर्सिंग-डे हर नर्सिंग ऑफिसर के लिए प्राउड की बात है। जिस महिला ने दीन-दुखियों की सेवा करके इस पेशे की शुरुआत की, उनको सेल्यूट है। उनकी इस शुरुआत को आज दुनियाभर में करोड़ों नर्सिंग आगे बढ़ा रही हैं। यह जरूरी है कि हर नर्सिंग ऑफिसर में उनके जैसी समर्पण की भावना भी होनी चाहिए। अगर हम नर्सिंग प्रोफेशनल हैं तो हमें उसे ड्यूटी मानकर नहीं, बल्कि कर्तव्य मानकर सेवा भावना से काम करना चाहिए।"

**पूनम सहराय, एनओ, नागरिक अस्पताल, गुरुग्राम**




"दूसरों का जीवन बचाने के लिए एक नर्सिंग प्रोफेशनल अपना भरपूर प्रयास करती हैं। किसी भी नर्सिंग ऑफिसर को पेशेंट के ट्रीटमेंट में अपने दुख, अपनी परेशानियों को बीच में नहीं आने देना चाहिए। जो स्टाफ ऐसा करते हैं, वही इस प्रोफेशन के सही हकदार हैं। सभी नर्सिंग प्रोफेशनल्स को ऐसी ही सोच के साथ काम करना चाहिए। नर्सिंग-डे पर सभी नर्सिंग प्रोफेशनल्स को यही शपथ लेनी चाहिए कि हमें अपने वर्क प्लेस पर पेशेंट केयर पर पूरा फोकस करना है।"

**कमलेश सिवाच, एसएनओ, नागरिक अस्पताल, गुरुग्राम**


# गुरुग्राम सीट पर पिता के चुनाव प्रचार में बेटियां भी कूदीं

## राव इंद्रजीत की बेटी पहले से थी मैदान में, अब जूही बब्बर ने भी संभाला मोर्चा, अनूप सोनी भी मांग रहे वोट

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



राज बब्बर व उनकी बेटी जूही बब्बर।



राव इंद्रजीत सिंह व उनकी बेटी आरती राव।

गुड़गांव लोकसभा सीट से जहां भाजपा प्रत्याशी अहीरवाल के राजघराने से तो कांग्रेस प्रत्याशी नेता भी और अभिनेता भी। चुनावी दंगल में दोनों मजबूती से डटे हैं। इनकी मजबूती को और अधिक मजबूत बना रही हैं इनकी बेटियां। दोनों नेताओं की बेटियां अपने-अपने पिता के प्रचार में उतर गई हैं तथा जनता से उन्हें वोट देने की अपील कर रही हैं।

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी राज बब्बर की बेटी जूही बब्बर शुक्रवार शाम को ही गुरुग्राम पहुंची और शहर में डोर-टू-डोर प्रचार में जुट गईं। गुरुग्राम पहुंचते ही जिस तरह से जूही ने अपने पिता राज बब्बर के लिए वोट मांगे। जनता से नजदीकियां बनानी शुरू कीं, लोग उनकी सराहना करने लगे।

जूही बब्बर ने गुरुग्राम की जनता से अपील की कि उनके पिता को यहां से सांसद बनाकर दिल्ली भेजें, वे यहां की डेवेलपमेंट के लिए बहुत काम करेंगे। उनका राजनीति में आने का मकसद केवल और केवल जनता की सेवा करना है। पांच बार एमपी रहकर उन्होंने जनता की भलाई के लिए काम किए हैं। जहां-जहां से वे एमपी बने, वहां की जनता आज भी उन्हें याद करती है। बता दें कि राज बब्बर की बेटी जूही बब्बर ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत काश आप हमारे होते फिल्म से की थी।

**आरती राव अपने स्तर पर कर रहीं प्रचार:** बात करें गुड़गांव लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती राव की तो वे अपने पिता के चुनाव में पूरी ताकत झोंक रही हैं। पहले उन्होंने पिता के साथ मंच साझा किए, लेकिन उनके खुद के अलग से कार्यक्रम तय हो रहे हैं। सुबह से लेकर शाम तक वे चुनाव प्रचार कर रही हैं। पूर्व मुख्यमंत्री राव बीरेंद्र सिंह की पोती एवं केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती राव चुनाव के मैदान में पिता को पूरा सहारा दे रही हैं। वे अपने पिता की राजनीतिक उत्तराधिकारी भी मानी जा रही हैं। राव इंद्रजीत सिंह ने अपनी दो बेटियों में से आरती राव को भी राजनीति के क्षेत्र में उतारा है। वे अपनी बेटी को राजनीति के गुर सिखा चुके हैं। वे कहती हैं कि-बेटी हूं, अपना हक लूंगी। इस तरह की बातें उन्हें जनता के बीच लोकप्रिय बना रही हैं।अहीरवाल के कद्दावर नेता रहे राव बिरेंद्र सिंह की तीसरी पीढ़ी से आरती राव अब राजनीति में पूरी तरह से सक्रियता से काम कर रही हैं।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आज होगी वॉकथॉन

**गुरुग्राम।** जिला में मतदाता जागरुकता के लिए जिला प्रशासन द्वारा रविवार की सुबह राजीव चौक से सुभाष चौक तक वॉकथॉन आयोजित की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव रविवार की सुबह 6 बजे वॉकथॉन को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। गुरुग्राम शहर में एक्टिव वॉकिंग ग्रुप्स, विभिन्न खेलों से जुड़े खिलाड़ी, आरडब्ल्यूए व राहगीरी फाउंडेशन के सहयोग से पांच किलोमीटर लंबी वॉकथॉन में हजारों प्रतिभागी भागीदारी करेंगे। इस इवेंट में प्रतिभागियों को मतदान करने की शपथ भी दिलाई जाएगी। नोडल अधिकारी हितेश कुमार मीणा ने बताया कि वॉकथॉन के माध्यम से प्रशासन का यह प्रयास रहेगा कि 25 मई को होने वाले मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक हो।

# इंडी गठबंधन सत्ता में आया तो फिर से लौट आएगा आतंकवाद का दौर: योगी

## मुख्यमंत्री ने कानपुर और अकबरपुर लोकसभा सीटों के लिए चुनावी जनसभा को किया संबोधित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ कानपुर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अगर इंडी गठबंधन सत्ता में आता है तो देश में एक बार फिर आतंकवाद और नक्सलवाद का दौर शुरू हो जाएगा। उन्होंने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि संविधान संशोधन का डर फैलाने वाली कांग्रेस ने सबसे पहले भारतीय संविधान में संशोधन करते हुए अभिव्यक्ति की आजादी को रौंदने का कार्य किया था। मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि सपा के एजेंडे में अयोध्या का विकास नहीं, बल्कि अयोध्या में आतंकी हमला करने वाले आतंकवादियों के मुकदमे वापस लेना था।

सीएम योगी शनिवार को यहां छावनी विधानसभा क्षेत्र में कानपुर और अकबरपुर लोकसभा सीटों के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां कानपुर से पार्टी प्रत्याशी रमेश अवस्थी और अकबरपुर से बीजेपी प्रत्याशी देवेन्द्र सिंह भोले के लिए जनता से वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि कानपुर को मां गंगा के आशीर्वाद से उर्वरता और उद्यमिता का वरदान मिला है। ये क्रांति धरा होने के साथ ही देश के विकास की ऊर्जा की भूमि भी है। चौथे चरण में कानपुर की जनता को निर्णय लेना है। आज पूरे देश में एक ही स्वर गूंज रहा है %फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार। 400 पार में कानपुर और अकबरपुर की सीटें भी शामिल होंगी। सीएम योगी ने कहा कि बीते 10 साल में मोदी ने बिना रुके, बिना थके और बिना डिगे देश की अहर्निश सेवा की है। हर व्यक्ति इस बात को मानता है कि मोदी जी ने देश को दुनिया में सम्मान दिलाया है, हमारी सीमाओं को सुरक्षित किया है, विकास को गति दी है, गरीब कल्याण के साथ ही नागरिकों के जीवन में परिवर्तन किया है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन नकारात्मक राजनीति के कारण अपनी विश्वसनीयता खो रहा है। इनको पाकिस्तान के हितों की चिंता होती है। इनको आतंकवाद और नक्सलवाद की समस्या के समाधान की नहीं आतंकियों पर दायर मुकदमों को वापस लेने की चिंता होती है। इनकी चिंता थी कि जैसे भी हो अयोध्या में राममंदिर का निर्माण न हो।

# रामद्रोहियों की राजनीति परिवार के लिए होती है

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ उन्नाव

**राम** भक्तों की राजनीति राष्ट्र के लिए होती है। वहीं रामद्रोहियों की राजनीति परिवार के लिए होती है। वह अपने परिवार से ज्यादा कुछ नहीं सोचते हैं। समाजवादी पार्टी ने अपने ही परिवार के लोगों को टिकट दिया है। वर्तमान में यह पांच सीटों पर लड़ रहे हैं। अभी इनके बच्चे और नाती पोते होने दीजिये, वह भी चुनाव लड़ेंगे। ऐसे लोगों की वजह से ही विकास कार्य ठप पड़ते हैं। देश और प्रदेश के सामने पहचान का संकट खड़ा होता है। सुरक्षा खतरे में पड़ती है और माफिया हावी होते हैं। यह जनता का खून चूसते हैं और बेटी-व्यापारी असुरक्षित होते हैं। वहीं जब राजनीति राष्ट्र के लिए होती है तो दुनिया में देश का सम्मान होता है। देश की सीमाएं सुरक्षित होती हैं और विकास के बड़े-बड़े कार्य होते हैं। गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के जनता जनार्दन को प्राप्त होता है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को उन्नाव लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी और सांसद साक्षी महाराज के पक्ष में वोट की अपील की। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवादी पार्टी अपने शासनकाल में आतंकवादियों के मुकदमे वापस ले रही थी।

### मुख्यमंत्री योगी का तंज

# 4 जून के बाद राहुल गांधी गाएंगे 'चल उड़ जा रे पंछी, ये देश हुआ बेगाना'

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ नई दिल्ली

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने 4 जून को मतगणना के दिन राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के लिए एक और चुनावी हार की भविष्यवाणी की है। योगी ने कहा, 4 जून के बाद इनका पूछने वाला कोई नहीं होगा..ये गाएंगे, 'चल उड़ जा रे पंछी, ये देश हुआ बेगाना। बीते शनिवार की रात एक टीवी शो में सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा- 'राहुल मुझसे लिखित में ले सकते हैं कि उनका गठबंधन उत्तर प्रदेश में सभी सीटें हार जाएगा।' योगी का यह जवाब कन्नौज रैली में राहुल की उस टिप्पणी के जवाब में था जिसमें उन्होंने कहा था,मुझसे लिखित में ले लीजिए, बीजेपी यूपी में अधिकतम सीटें हारेगी।

योगी आदित्यनाथ ने कहा, राहुल गांधी का पुराना रिकॉर्ड रहा है कि जब भी उन पर कोई संकट आता है तो वह देश छोड़कर उस जगह चले जाते हैं, जहां के बारे में उन्हें सबसे अच्छा पता होता है। इस बार भी 4 जून के बाद वह यह हिंदी फिल्म गाना गाएंगे- चल उड़ जा रे पंछी, ये देश हुआ बेगाना। मुख्यमंत्री ने कहा, फिलहाल के लिए, उन्हें एक खूबसूरत सपने में जीने दें... 4 जून के बाद, कोई उन्हें पूछने वाला नहीं होगा । योगी ने कहा, 403 सीटों वाली यूपी विधानसभा में कांग्रेस के पास सिर्फ दो विधायक हैं. उनके पास अर्थी उठाने के लिए 4 विधायक नहीं हैं। अगली बार, वे ये दो सीटें भी हार जाएंगे। मैं राहुल से पूछना चाहता हूं कि अगर उन्हें यूपी में 80 सीटें जीतने का इतना ही भरोसा था, तो उन्होंने वायनाड में जाकर चुनाव क्यों लड़ा और जब उन्होंने यहां चुनाव लड़ने का फैसला किया, तो उन्होंने अमेठी छोड़कर रायबरेली से चुनाव क्यों लड़ा?

लोकसभा चुनाव परिणाम को लेकर योगी ने जोरदार बयान देते हुए कहा, %%कोई अगर या मगर नहीं है। 4 जून के नतीजे मोदी को दोबारा प्रधानमंत्री बनाएंगे. ..भारत की जनता मोदी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करना चाहती है। मैंने यूपी के अलावा कई राज्यों की यात्रा की है, जहां लोग उनका दिल से सम्मान करते हैं। योगी आदित्यनाथ ने राहुल गांधी को एक्सीडेंटल हिंदू बताते हुए कहा, नागरिकता संशोधन अधिनियम किसी भी भारतीय की नागरिकता नहीं छीनेगा, बल्कि पड़ोसी देशों से आए हिंदू, बौद्ध, सिख, ईसाई, पारसियों को नागरिकता देगा। कुछ इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा गजवा-ए-हिंद के बारे में बोलने पर योगी ने कहा, कयामत के दिन तक गजवा-ए-हिंद नहीं होने वाला है. भारत, भारत ही रहेगा। कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की भतीजी द्वारा दिए गए वोट जिहाद के आह्वान पर योगी आदित्यनाथ ने जवाब दिया। वोट के लिए जिहाद करेंगे, तो जन्नत नहीं मिलेगी, जहन्नुम मिलेगा।

मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता मौलाना सज्जाद नोमानी ने मुसलमानों से मोदी को हराने के लिए सामूहिक रूप से वोट करने की अपील की, इस पर योगी ने जवाब दिया, यह वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है। पिछले 10 वर्षों के दौरान, मोदी जी ने जाति और धर्म को किनारे रख के सभी समान रूप से सामाजिक कल्याण लाभ दिए। जो लोग हमारे समाज का ध्रुवीकरण करने की कोशिश कर रहे हैं, वे कभी मुसलमानों के हितैषी नहीं हो सकते। वे हमेशा चाहेंगे कि मुसलमान लुंगी पहनें और दौड़ें। यूपी के मुख्यमंत्री, जिनसे अब तक राज्य में सक्रिय अधिकांश माफिया संगठनों को डर था, ने चेतावनी दी। 4 जून के बाद, हमारी सरकार यूपी को माफिया मुक्त राज्य घोषित करने के लिए एक निश्चित कट-ऑफ तारीख देगी। दूसरी बात, सभी माफिया नेताओं द्वारा अर्जित संपत्तियों को जब्त कर लिया जाएगा और गरीबों, अनाथों, महिला संरक्षण गृहों, शारीरिक रूप से विकलांगों के लिए घरों, अस्पतालों और अच्छे स्कूलों के लिए घरों में परिवर्तित किया जाएगा, पहले चरण में, माफिया नेताओं को लक्षित किया जाएगा, और दूसरे चरण में, उनके गुर्गों की संपत्ति भी जब्त की जाएगी। हमारी कार्य योजना तैयार है।

## अमित शाह आज करेंगे प्रतापगढ़ रायबरेली, गोण्डा में जनसभा

**लखनऊ।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह रविवार 12 मई को प्रतापगढ़, रायबरेली, गोण्डा के प्रवास पर रहेंगे। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह दोपहर 12 बजे नगर पंचायत हीरागंज, नायर देवी धाम, महेशगंज, प्रतापगढ़ में आयोजित कौशाम्बी लोकसभा की जनसभा को सम्बोधित करेगे तथा दोपहर 01 बजे राजकीय इण्टर कॉलेज मैदान, रायबरेली में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसके पश्चात् दोपहर 03 बजे शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इण्टर कालेज (टॉमसन इण्टर कालेज), सिविल लाइन, गोण्डा में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह रविवार 12 मई को गोरखपुर एवं देवरिया के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह अंबिका मैरिज हॉल, पीपी गंज, गोरखपुर तथा दोपहर 03 बजे नन्दना वार्ड मैदान, बरहज, देविरया में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलनों को संबोधित करेंगे। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कान्ताकर्दम रविवार 12 मई को गोरखपुर के प्रवास पर रहेंगी। कान्ताकर्दम सुबह 11 बजे झूंगिया बाजार, गोरखपुर में आयोजित अनुसूचित मोर्चा सम्मेलन को सम्बोधित करेंगी। भाजपा प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला रविवार 12 मई को गोरखपुर के प्रवास पर रहेंगे। गोविन्द नारायण शुक्ला सुबह 11 बजे क्षेत्रीय कार्यालय, गोरखपुर में संगठनात्मक बैठक में मार्गदर्शन करेंगे। प्रदेश प्रवक्ता डा. समीर कुमार सिंह रविवार 12 मई को बलिया के प्रवास पर रहेंगे। डा. समीर कुमार सिंह सायं 04 बजे पाण्डेय पैलेस, बैरिया, बलिया में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

# अबकी बार मोदी की गारंटी ही चलेगी: बृजेश पाठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने शनिवार को रायबरेली में भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के समर्थन में रिफॉर्म क्लब में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि रायबरेली की जनता यहाँ पिकनिक और पर्यटन के लिए आने वाले लोगों के लिए अपने दरवाजे बंद कर देगी। सियासी पिकनिक मनाने आने वाले गांधी परिवार की अबकी बार रायबरेली से छुट्टी होगी। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि पिछले चुनाव में राहुल गांधी अमेठी से हारे तो वायनाड चले गये। इस बार उन्हें वहां भी हार का अंदेशा हुआ तो वे अब रायबरेली आकर यहां अपने पूर्वजों की याद दिलाकर वोट मांग रहे हैं। जनता सब जानती है, जो राहुल पांच साल तक न अमेठी आये और न रायबरेली। अब जनता इनके झाँसे में नहीं आएगी। अबकी बार मोदी की गारंटी ही चलेगी। पाठक ने कहा कि, अहंकारी गठबंधन के वे लोग 12 लाख करोड़ रुपये के घोटालों और भ्रष्टाचार में शामिल हैं। सभी भ्रष्टाचारी आपस में मिलकर रैली निकाल रहे हैं, भ्रष्टाचारियों के लिए मौन व्रत रख रहे हैं। मोदी अपनी बात पर क़ायम हैं। भ्रष्टाचारियों पर लगातार कार्रवाई हो रही है तो ये सभी एक जुट होकर अपने आपको बचाने के लिए सत्ता में आने का प्रयास कर रहे हैं। राहुल जी बेल पर हैं, सोनिया जी बेल पर हैं, केजरीवाल भी 20 दिन के लिए बेल पर हैं।

# इंडी भ्रष्ट लोगों का गठबंधन है: केशव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सलोन रायबरेली में अमेठी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। मौर्य ने कहा कि सपा सरकार का था नारा, खाली प्लाट हमारा। जिस गाड़ी में सपा का झंडा, उस गाड़ी में बैठा गुंडा। उन्होंने कांग्रेस व सपा समेत इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि यह भ्रष्ट लोगों का गठबंधन है। इन लोगों ने देश और समाज को लूटने का कार्य किया है। इनके शासनकाल में भ्रष्टाचार चरम पर रहा और अपराधियों को संरक्षण देने का काम किया गया। उन्होंने कहा, कि राहुल और अखिलेश की जोड़ी पहले भी फ्लॉप हो चुकी है।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा पैसा जनता के खाते में पहुंच रहा है। अगर कांग्रेस पार्टी और महाठगबंधन के लोग होते तो गरीबों का हक का पैसा मिलजुल कर खा गए होते। केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के लोग अफवाह फैला रहे हैं कि संविधान खतरे में है। लोकतंत्र खतरे में है। लेकिन हकीकत यह है कि ना तो संविधान खतरे में है और ना ही लोकतंत्र खतरे में है। खतरे में है तो राहुल गांधी और कांग्रेस नेताओं का राजनैतिक भविष्य खतरे में है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने वादों को पूरा करते हुए कश्मीर से धारा 370 हटा दिया। भव्य राममंदिर का निर्माण हो गया। मौर्य ने कहा कि पाकिस्तान के विरुद्ध एयर और सर्जिकल स्ट्राइक 56 इंच के सीने की दम की बदौलत होता है। आपको याद ही होगा कि पाकिस्तानी फाइटर प्लेन को खदेड़ते हुए हमारे जांबाज कैप्टन अभिनंदन पाकिस्तानी सीमा में पहुंच गए थे। इसके बाद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री को फोन कर चेतावनी दी कि अगर 48 घंटे के भीतर हमारा कैप्टन सही सलामत भारत नहीं पहुंचता है, तो विश्व के नक्शे से हमेशा-हमेशा के लिए पाकिस्तान का नामो निशान मिटा देंगे। विश्व देख रहा था कि अभिनंदन शान से भारत लौटे।

# रक्षा मंत्री को हराइए, अग्निवीर से मुक्ति पाइए: कांग्रेस

- अग्निपथ जैसी योजना लाकर देश की सेना और सैनिकों के भविष्य को अंधकार में धकेल दिया: अभय दुबे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कांग्रेस** ने कहा है कि देश की सांस्कृतिक राजधानी उत्तर प्रदेश का, शहादतों की वीरगाथा का एक गौरवशाली इतिहास है। भारत मां की स्वतंत्रता, अस्मिता और भूभागीय अखंडता के लिए उत्तर प्रदेश के वीरों ने तत्परता से अपने प्राणों की आहुति दी है। 1857 की क्रांति के शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर हो, रानी झांसी हो, बेगम हजरत महल हो, मंगल पाण्डेय हो या कारगिल के शहीद कैप्टन मनोज पाण्डेय भारत मां के इन रणबांकुरों ने अपने प्राणों की परवाह किये बिना उत्तर प्रदेश की मिट्टी को गौरवान्वित किया है।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अभय दुबे , मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ. सीपी राय, अखिल भारतीय कांग्रेस मीडिया कोऑर्डिनेटर गरिमा मेहरा दसौनी, चित्रा बाथम, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता प्रियंका गुप्ता, शुचि विश्वास ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यूपी के कंधों पर आज एक महत्वपूर्ण दायित्व है, वह दायित्व है भारत मां की रक्षा का, क्योंकि प्रदेश की राजधानी लखनऊ का प्रतिनिधित्व देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करते हैं, और उत्तर प्रदेश से ही चुनकर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी आते हैं। आज भारत माँ की अस्मिता और भूभागीय अखण्डता चीन की सेना ने खंडित की है, मगर रक्षा मंत्री दम साधे और होंठ सिये बैठें हैं और प्रधानमंत्री 20 भारतीय सैनिकों की शहादत के बाद भी चीन को क्लीन चिट दे रहे हैं। उक्त दोनों नेताओं ने न सिर्फ भारत की सीमाओं की सुरक्षा से समझौता किया है, अपितु अग्निपथ जैसी योजना लाकर देश की सेना और सैनिकों के भविष्य को अंधकार में धकेल दिया है। दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि मोदी सरकार की अग्निपथ योजना ना तो सदन की सहमति से लाई गई न ही भारतीय सेना की। हाल ही में पूर्व थल सेना अध्यक्ष एमएम. नरवणे ने अपनी प्रकाशित पुस्तक 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' में खुलासा किया है कि अग्निपथ योजना के एलान ने तीनों सेनाओं को चौंका दिया था। इतना ही नहीं नरवणे ने अपनी किताब में यह भी लिखा कि अग्निवीरों का वेतन सिर्फ 20 हजार रुपये ही निर्धारित किया गया था फिर सेना के हस्तक्षेप के बाद इसे 30 हजार रुपये किया गया। अग्निपथ योजना में 17 से 21 वर्ष के युवाओं की भर्ती का प्रावधान है।

# सपा प्रमुख ने समाजवादी पीडीए यात्रा निकालकर किया जनसंपर्क

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



अखिलेश यादव ने आज कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के विधूना में समाजवादी पीडीए यात्रा निकाल कर जनसम्पर्क किया और समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन को रिकार्ड मतों से जिताने की अपील की। जनसम्पर्क कार्यक्रम में भारी भीड़ जुटी। उन्होंने जनसम्पर्क के दौरान लोगों से मिलकर अपने लिए वोट मांगे। जनसम्पर्क के मौके पर भारी संख्या में किसान, नौजवान, वकील, महिलाएं और बुजुर्ग लोग जुट गए। इस अवसर पर यादव ने कहा कि जब से चुनाव शुरू हुआ है समाजवादी लोग प्रचार कर रहे हैं। घर-घर जा रहे हैं। यह क्षेत्र पुराने समय से समाजवादी रहा है। यहां के लोगों ने डॉ. राममनोहर लोहिया से लेकर नेताजी, धनीराम वर्मा तक सबका स्वागत और सम्मान किया। हम लोगों का भी सम्मान कर रहे हैं। हमें पूरा भरोसा है कि यहां के लोग हमें इस बार ऐतिहासिक वोटों से जिताएंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव है। भाजपा बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संविधान को बदलना चाहती है। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का संविधान हम सभी को न्याय और अधिकार दिलाता है। आगे बढ़ने का अवसर देता है। संविधान देश की संजीवनी है। हम सब की जिम्मेदारी है, भाजपा की सरकार बदल कर बाबा साहब के संविधान की रक्षा करें। यादव ने कहा कि भाजपा ने सत्ता और सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग किया है।

भाजपा सरकार के फैसलों से देश और जनता का बहुत नुकसान हुआ है। भाजपा ने देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया। महंगाई, बेरोजगारी चरम पर पहुंचा दिया है। हर वर्ग परेशान है। चुनावी चंदा के नाम पर वसूली की। भ्रष्टाचार किया। उन्होंने कहा कि विधूना के लोगों ने समाजवादी आंदोलन में बड़ा योगदान दिया। हमेशा समाजवादियों की मदद की है। कार्यकर्ता, नेता घर-घर जाकर लोगों से वोट मांगे, वोट डलवाएं। अखिलेश यादव ने कहा कि यह 2024 का चुनाव देश और आने वाली पीढ़ी के भविष्य का चुनाव है। भाजपा सरकार ने नौजवानों को नौकरी नहीं दी, नौकरियां छीनी है। इस सरकार में भर्ती परीक्षाओं के जितने पेपर हुए सब लीक हो गए। सरकार नौकरी, आरक्षण नहीं देना चाहती है। इसीलिए जानबूझकर पेपर लीक कराये है। नौजवानों का जीवन बर्बाद कर दिया है। भाजपा हटेगी तो नौजवानों को नौकरी मिलेगी। संविधान और लोकतंत्र बचेगा। महंगाई कम होगी। अन्याय खत्म होगा। किसानों की कर्जमाफी होगी। लोगों को राशन के साथ आटा और मोबाइल डाटा मुफ्त मिलेगा। महिलाओं की मदद की जायेगी।

## इंडिया गठबंधन प्रत्याशियों को जिताने के लिए की समर्थन की घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रति बढ़ते जनता के रूझान से यह स्पष्ट होता जा रहा है कि केन्द्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने के लिए जनता एवं संस्थाएं स्वत: अपील कर समर्थन और सहयोग की घोषणा कर रही है। संयुक्त जनादेश पार्टी लखनऊ के अध्यक्ष भगवान दीन 'बबलू' श्रीवास्तव ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व और समाजवादी पार्टी की नीतियों पर भरोसा करते हुए समर्थन पत्र देकर समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन की जीत में सहयोग और केन्द्र की सरकार में शीर्ष पद पर बिठाने का संकल्प जताया है। समाजवादी आंदोलन पार्टी बिजनौर के अध्यक्ष अकबर अली तथा ओबीसी, एससी, एसटी, एवं माइनॉरिटी एकता महागठबंधन के संयोजक राजकुमार सैनी पूर्व सांसद एवं अध्यक्ष लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी ने लोकसभा चुनाव में साम्प्रदायिक ताकतों को हराने और भारत के संविधान को बचाने के लिए समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन को समर्थन देने और मुस्लिम समाज और पार्टी के सभी पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं से इंडिया गठबंधन प्रत्याशियों को वोट देने की अपील की है।

# इंडिया गठबंधन की एकजुटता से परेशान हैं भाजपा नेता: अविनाश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय में लोकसभा चुनाव लखनऊ एवं मोहनलालगंज और लखनऊ पूर्वी विधानसभा के उप चुनाव के दृष्टिगत एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय उपस्थित हुए।

बैठक को सम्बोधित करते हुए अविनाश पाण्डेय ने कहा कि इंडिया गठबंधन की एकजुटता से भाजपा की सरकार और उनके नेता परेशान हैं। उनको लगने लगा है कि जिस तरह से जनता का भरपूर समर्थन इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को मिल रहा है उससे उनकी झूठ की दुकान पूरी तरह बंद होने वाली है। श्री पाण्डेय ने कहा कि लगभग 63 प्रतिशत वोट इंडिया गठबंधन के साथ साफ-साफ दिखाई दे रहा है। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, एवं शहर कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष दव्य अमित श्रीवास्तव त्यागी एवं डॉ. शहजाद आलम, तथा समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री जय सिंह जयंत एवं महानगर अध्यक्ष फाखिर सिद्दीकी ने की।

# चौथे चरण के मतदान के लिए आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

- 13 लोकसभा सीटों व ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए कल होगा मतदान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के चतुर्थ चरण की 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 136-ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए 13 मई, 2024 को होने वाले मतदान को सकुशल, निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए 12 मई, 2024 (रविवार) को मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथों) के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। इसके लिए चतुर्थ चरण के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को समय से पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के निर्देश दिये गये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चतुर्थ चरण में प्रदेश की 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 27-शाहजहांपुर (अ.जा.), 28-खीरी, 29-धौरहरा, 30-सीतापुर, 31-हरदोई(अ.जा.), 32-मिश्रिख (अ0जा0), 33-उन्नाव, 40-फर्रूखाबाद, 41-इटावा (अ0जा0), 42-कन्नौज, 43-कानपुर, 44-अकबरपुर, 56-बहराइच (अ.जा.) लोकसभा सीट प्रदेश के 13 जनपदों में शाहजहांपुर, खीरी, सीतापुर, हरदोई, कानपुर नगर, उन्नाव, फर्रूखाबाद, एटा, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कन्नौज, बहराइच आते हैं। 136-ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र शाहजहांपुर जनपद में आता है। उन्होंने बताया कि चतुर्थ चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से सम्बन्धित सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान केन्द्रों एवं मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैय्या कराने के निर्देश दिये गये है। पोलिंग पार्टियों के रवाना होने से पहले सभी मतदान कर्मियों को हीट स्ट्रोक से बचने और स्वास्थ्य के दृष्टिगत मेडिकल किट उपलब्ध करायी जायेगी, जिससे आवश्यकता पड़ने पर उपयोग की जा सके।

## प्रवासी मतदाताओं को केवल उनके मूल पासपोर्ट के आधार पर ही पहचाना जाएगा: नवदीप रिणवा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दौरान चतुर्थ चरण की 13 लोकसभा सीटों तथा ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र के लिए 13 मई (सोमवार) को मतदान होगा। मतदान के समय ऐसे मतदाता जिनके पास अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र न हो, वे 12 अन्य वैकल्पिक फोटो पहचान पत्रों में से किसी एक को प्रस्तुत कर मतदान कर सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान मतदाता पहचान पत्र के अलावा 12 अन्य वैकल्पिक पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्गत कार्ड मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर मतदाताओं की पहचान के लिए अनुमन्य होंगे। रिणवा ने यह भी स्पष्ट किया कि बीएलओ द्वारा वितरित मतदाता सूचना पर्ची को पहचान दस्तावेज के रूप में मान्य नहीं किया जाएगा। मतदाताओं को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए उपर्युक्त में से कोई एक वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज पोलिंग बूथ पर ले जाना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, प्रवासी निर्वाचकों को केवल उनके मूल पासपोर्ट के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

# भाजपा के लिये पूरा देश है परिवारः योगी आदित्यनाथ

**कहा, सपा व कांग्रेस पार्टी को सिर्फ अपने परिवार के भविष्य की चिन्ता**

**रविकान्त दुबे।** कानपुर देहात






**सपा** व कांग्रेस पार्टियों को सिर्फ अपने परिवार के भविष्य की चिन्ता है जबकि भाजपा पूरे देश के नागरिकों को ही अपना परिवार मानकर उनका सर्वांगीण विकास का काम कर रही है। भाजपा प्रदेश व देश के लोगों के जीवन को संवारने का कार्य कर रही है। पिछली सपा सरकार में अपराधी बेलगाम थे। व्यापारी बेटियाँ असुरक्षित थीं। उत्तर प्रदेश में 80 की 80 लोकसभा सीटों पर कमल खिलेगा। यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झींझक में आयोजित जनसभा के दौरान कही।

शनिवार को रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत झींझक कस्बे में करियाझाला के निकट प्रत्याशी सुब्रत पाठक के लिए विशाल जनसभा आयोजित की गई। जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विशाल जनसभा को संबोधित किया। रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक पूनम संखवार ने स्मृति चिन्ह के रूप में मूर्ति देकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया।

उमड़े जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में 7 वर्षों में कोई दंगा नहीं हुआ और न कर्फ्यू लगा। जबकि सपा सरकार में दंगे हुए और उस सरकार में लोग असुरक्षित थे। उन्होंने कहा कि सपा की यूपी में माफियाओं अपराधियों के प्रति संवेदना रहती है। विपक्ष पर हमलावर होते हुए कहा कि सपा कांग्रेस को अपने परिवार की चिंता है जबकि भाजपा राष्ट्रहित के लिए चुनाव लड़ना चाहती है। दोनों ही पार्टियों एक ही थैली के चट्टे बट्टे हैं। 5 वर्षों बाद राम मंदिर के दर्शन करने के लिए अदभुद घटना घटी है और पहली बार प्रभु श्रीराम का सूर्य तिलक हुआ। यह सब भाजपा सरकार में साकार हुआ।

उन्होंने विधायक पूनम संखवार व सांसद सुब्रत पाठक से चुनाव बाद क्षेत्र के लोगों को राम मंदिर दर्शन के लिए ले जाने को कहा। नए भारत आत्मनिर्भर भारत के लिए मोदी जी के संकल्प के साथ सभी को आने का वक्त आ गया है। जनसभा के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुब्रत पाठक को जिताने की अपील की।

वहीं सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि अखिलेश यादव हमसे बदला लेने के लिए कन्नौज आए हैं और विकास हमसे पूछते हैं कि क्या विकास कराया। उन्होंने कहा कि वे एक मुख्यमंत्री से अपनी तुलना करें क्योंकि वह मुख्यमंत्री रह चुके हैं। हमसे तुलना क्यों करते हैं। साथ उन्होंने कहा कि डिंपल यादव की हार का अखिलेश को चिढ़ है इसलिए चुनाव लड़ रहे हैं। वही पूनम संखवार ने उमड़े जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि कन्नौज में एक बार फिर कमल खिलाने जा रहा है क्योंकि कन्नौज की जनता क्षेत्रीय व्यक्ति को ही अपना सांसद चुनना चाहती है। इसलिए एक बार फिर कन्नौज में कमल खिलेगा।

इस दौरान मंच पर प्रमुख रूप से कैबिनेट मंत्री राके स सचान, उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री असीम अरुण, बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह,तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत, पूर्व विधायक निर्मला संखवार, कमलेश चंद्र दिवाकर, जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला,ब्लॉक प्रमुख बब्बन शर्मा,किशन दुबे छुन्नी,आकाश सिंह ऋषि, सोनू तिवारी, राजू सिंह,श्याम मोहन दुबे, देवशरण, संदीप मिश्रा,पप्पू सिंह गौर, पंकज सिंह,अमित सिंह, झल्लर तोमर, कमल प्रताप, उमेश गुप्ता लल्ला, गौरव सिंह,पिंकी श्रीवास्तव सहित कई लोग मौजूद रहे।

# चुनाव के आखिरी पड़ाव में गली कूचों में उतरे समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता

## सपा के पक्ष में एकजुट होकर मतदान करें: शिवपाल

**संवाददाता।** गुरसहायगंज, कन्नौज



**वीवीआईपी** सीट व अपने किलें को पानें के लिये सपा नेतृत्व ने कन्नौज की लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रहे सपाध्यक्ष अखिलेश यादव की एतिहासिक जीत के लिये सपा राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, पूर्व सांसद डिम्पल यादव, पूर्व राष्ट्रीय सचिव अनिल आर्य, पूर्व विद्यायक ताहिर हुसैन सिददीकी, जमालुददीन सिददीकी, शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष अमित यादव नें चुनाव के इस आखिरी पडाव में नगर व क्षेत्र के गली कूचों में दौरा कर पार्टी की नीतियों का जनता के बीच प्रचार किया।

दोपहर बाद सपा राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव नें सैकडों कार्यकर्ताओ के साथ नगर का दौरा कर जनता के बीच पार्टी की नीतियों का प्रचार किया। उन्होनें जनता से भारी संख्या में मतदान करने की अपील की। इससे पहले राष्ट्रीय महासचिव को शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष अमित यादव नें पगडी पहनाकर भव्य स्वागत किया। वहीं क्षत्रिय नेता राजसिंह चौहान उर्फ छोटे ठाकुर व पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि इन्द्र कुमार गुप्ता एवं प्रसपा नेता मुनीर कुरैशी के आवासों पर प्रतीक चिन्ह देकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होने कहा कि मोदी को अगर दिल्ली आने से कोई रोक सकता तो वह सिर्फ और सिर्फ इंडिया गठबंधन है। जिसको लेकर आप लोग एक राय होकर पार्टी को इतना बोट दें कि विरोधियों के हौसले पस्त हो जाये। कहा आज जनसंपर्क के दौरान कन्नौज के विभिन्न क्षेत्रों में उमड़ा जन सैलाब बता रहा है 'कन्नौज-क्रांति' होकर रहेगी। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर अर्पित शुक्ला, टिल्लू यादव, जितेंद्र कुमार, शेखर कश्यप, अंकित पहलवान, आकाश कुमार, सतेन्द्र कुमार, फैजान कुरैशी, दिलशाद इदरीसी, राजा अंसारी, राशिद उर्फमुन्ना, अमन, आदि मौजूद रहे।

# भाजयुमो के सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने भरा उत्साह




**फतेहपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के खागा में आयोजित युवा सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष बैंगलौर से सांसद तेजस्वी सूर्या के आने से युवाओं का जोश सातवें आसमान पर रहा। उन्होने कहा कि भारत में शरिया कानून लागू नहीं होने दिया जाएगा। इस बार फिर से भारतीय जनता पार्टी की केंद्र में सरकार जनता के सहयोग से बनेगी। खागा स्थित एक मैरिज हाल में आयोजित युवा सम्मेलन में की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा ने की। सम्मेलन में खागा विधायक कृष्णा पासवान, जहानाबाद विधायक राजेन्द्र पटेल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष अभय सिंह ने विकासशील से विकसित फतेहपुर के लिए चर्चा की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने युवाओं में उत्साह भरते हुए कहा कि देश में चार सौ सीटों से अधिक भाजपा की सरकार आने वाली है एवं फतेहपुर से साध्वी निरजन ज्योति चार लाख वोटों से जीतने वाली है। उन्होने कहा कि भारत को आगे आने वाले समय में भारत ही बनाये रखने कि लिए भाजपा ही एक मात्र विकल्प है। जिलाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार ज्ञापित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन से भरोसा जताया कि जनपद का युवा भाजपा को ही मत देगा।

# खीरी से भाजपा प्रत्याशी 'टेनी' ने किया जनसंपर्क किसान मोर्चा सम्मेलन में भी हुए शामिल

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**शनिवार** को भारतीय जनता पार्टी के 28 खीरी लोकसभा प्रत्याशी अजय मिश्र 'टेनी' ने विधानसभा निघासन के विकासखण्ड निघासन के ग्राम खमरिया कोईलार, बाबापुरवा, खैरटिया, हरसिंहपुर, धर्मापुर, रामपुर, सुर्जीपुरवा, मुर्गहा, बल्लीपुर, शिवलालपुरवा तथा तहसील निघासन में अधिवक्ताओं से जनसम्पर्क किया एवं निघासन के ऊषा इवेन्ट गार्डेन में आयोजित किसान मोर्चा सम्मेलन में भी रहे।

भारतीय जनता पार्टी के 28 खीरी लोकसभा प्रत्याशी अजय मिश्र 'टेनी' ने किसान मोर्चा सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सबको जैसी जानकारी है आप लोगों ने मुझे लगभग 17 साल से पहले जिला पंचायत सदस्य बनाया, उसके बाद विधायक बनाया और दस साल से मैं सांसद हूं। इस दौरान बहुत सारे काम जब मैं जिला पंचायत का सदस्य था तो जिला पंचायत के सदस्य की हैसियत से जो संभव था वह बहुत सारे काम किए गए। आपके गांव में शायद उसी समय रास्ता तिकुनियां के लिए बना था ऐसे अलग-अलग समय में विधानसभा में जब रहा तो उस तरह से काम हुए। लोकसभा में और बड़ा सबसे बड़ा चुनाव होता है सबसे बड़ी पंचायत अपने देश की इसलिए बहुत सारे परिवर्तन आए लेकिन अगर विशेष कर आप सब देखो तो 2014 के बाद बहुत सारा परिवर्तन हुआ। 2014 से पहले गांव में सुविधा के नाम पर बहुत कुछ नहीं होता था। राशन कार्ड एक होता था दो-चार इंडिया मार्का हैंडपंप और कहीं एक दो रास्ता खड़ंजा।

बिजली आती नहीं थी, ऐसी स्थितियां 2014 से पहले थी। 2014 के बाद जो बदलाव आया पहले राशन कार्ड होता था तो उसमें पहले कार्ड ही होता था राशन के लिए आपको कोटेदार को ढूंढना पड़ता था। गांव वाले कोटेदार को ढूंढा करते थे कि कोटा कब बंटेगा। दो-तीन महीने में एक बार बंटता था। अब आपको कोटेदार बुला करके गल्ला देते है। तो आप लोगों को कोटेदार खुद बुला करके अनाज देते हैं।

# इंडस वैली स्कूल में मातृत्व दिवस पर हुईं प्रतियोगिताएं



**राठ, हमीरपुर।** कस्बे के उरई रोड स्थित इंडस वैली पब्लिक स्कूल में मातृत्व दिवस के उपलक्ष्य में बडे ही धूमधाम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ग्राम मझगवां की प्रधान नीता सिंह ने सरस्वती का पूजन-अर्चन कर दीप प्रज्ज्वलन किया। इसके बाद खेलकूद की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिसमें स्पून रेस आरती हर्षित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि मीना-आकर्ष द्वितीय, मोहिनी - युग तीसरे पायदान पर रहे। ग्लाइंग बलून में मोहनी- युग प्रथम, अनुराधा - पूर्वी द्वितीय, मंजूलता-नीलिमा तीसरे स्थान पर रहे। वहीं म्यूजिकल चेयर में आरती प्रथम, सीमा द्वितीय और मीना अग्रवाल तीसरे स्थान पर रही। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# कन्नौज में सुब्रत पाठक की बाइक रैली में उमड़ा हुजूम, अखिलेश के जुलूस में जुटी भीड़



**कन्नौज।** चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भाजपा व सपा उम्मीदवारों ने रोड शो निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने विधूना विधानसभा क्षेत्र में अपने चुनावी रथ पर सवार होकर रोड शो किया तो कन्नौज में सुब्रत पाठक ने बाइक रैली निकालकर अपना दम दिखाया। कन्नौज लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सड़के चुनावी रंग में रंगी दिखी। लोकसभा के विधूना क्षेत्र में अपने रथ पर सवार होकर निकले सपा प्रत्याशी अखिलेश यादव के साथ समर्थकों का सैलाब उमड़ा। अखिलेश ने रथ की छत पर बैठकर समर्थकों को सम्बोधित किया और दावा किया कि कन्नौज क्रान्ति आकर रहेगी। कन्नौज मुख्यालय की सड़कें भगवा रंग से रंगी दिखीं।

**FORMAT C-7**

**(FOR POLITICAL PARTIES TO PUBLISH IN THE NEWSPAPERS, SOCIAL MEDIA PLATFORMS & WEBSITES OF THEPARTY.)**

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected ascandidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individualswithout criminal 'antecedent could not be selected as candidates"

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 ofthe Hon'ble Supreme Court in Contempt Petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of2011.)"

Name of the Political Party : **INDIAN NATIONAL CONGRESS**

Name of the Election : **GENERAL ELECTION LOK SABHA 2024**

Name of State/UT : **DELHI**

(1) Name of the Constituency : **NORTH -WEST DELHI**

Name of the Candidate : **DR. UDIT RAJ**

| S. No. | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | Criminal antecedents | | |
| | Nature of Offences | 1. | Criminal U/S188/269/283 IPC R/WSEC 3 EpidemicDiseases Act R/W 51(b)Disaster ManagementAct. |
| | | 2. | Criminal U/S 188 IPC |
| | | 3. | Criminal U/S 153 IPCR/W61(D) IT ACT |
| | Case no. | 1. | FIR NO. 150/21 Dated12/08/2021Parliament Street PS- |
| | | 2. | FIR NO. 12/24 Dated22/02/2024 PS-Parliament Street .and so |
| | | 3. | FIRNO.158/2021 PS-Kotwali Sadar, Unnao |
| | Name of the Court | 1. | Case FIR No 150/2021was pending in the Court Ms. Anamika, MM,PHC but Vide orderdated28/02/2024 the case was transferred for the Court Rouse Avenue and Vide order dated 05/03/2024Ld. Principal District Judge sent the same to Delhi High Court for the assignment in MP / MLA Court but till date no court has been as signed for the adjudication of the case. |
| | | 2. | Charge-sheet has not been filed in Case FIR No.12/2024 PS-Parliament Street and matter is pending investigation at PS-Parliament-street. |
| | | 3. | Charge has not been framed in case FIR no.158/2021 PS kotwali sadar. |
| | Whether Charges have been Framed or not (Yes/No) | | NO |
| | Detail of punishment undergone, if any | | N/A |
| | Any other information required to be given | | The above-stated cases are false, fabricated and politically motivated, |
| | The reasons for the selection of the Dr. Udit Raj is former candidate. Selection shall be with reference IRS and his vastto the qualifications, achievements and Knowledge and merit of the qualifications, achievements experience in Public and merit of the candidate, and not mere service and impeccable winnability" at the polls (not more than 100 words) | | Dr. Udit Raj is former IRS and his vast knowledge in public service and impeachable character were inter-alia reasons for his selection as Candidate for North-West constituency. |
| | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | | Dr. Udit Raj is former member of Parliament and Common People of North -West Delhi Constituency loved his works for the welfare of the Common people and hence on the demand of the people of North-West Delhi , he was preferred over other candidates. |

(2) Name of the constituency- **NORTH -WEST DELHI**
Name of the Candidate : **DR. UDIT RAJ**

........................................................................................................................
......................................and so

In the case of election to council of states of states or election toLegislative Council by MLAs, mention the election concerned in place ofname of constituency.

**Signature of office bearer of the political party**
**Name and designation.........**

# भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत के चुनाव प्रचार में उमड़ा जनसैलाब

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के स्वास्थ्य कायरणों से न आने पर मायूस हुए कार्यकर्ता**

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**फर्रुखाबाद** लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में आज शनिवार को भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत के चुनाव प्रचार में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रक्षा मंत्री के न आने से भाजपा कार्यकर्ताओं में मायूसी छा गई। सूत्रों के अनुसार केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का फर्रुखाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में शहर के महाभारत कालीन प्रख्यात गुड़गांव देवी मंदिर से आज शनिवार अपराह्न करीब 11. 45 भाजपा प्रत्याशी एवं सांसद मुके श राजपूत के समर्थन में विशाल रोड शो चुनाव प्रचार किया जाना था। खबर है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का स्वास्थ्य कारणों से फर्रुखाबाद भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए आने का कार्यक्रम निरस्त हो गया।

इसके बाद यहां भारी संख्या मे मां मंगल गौरी गुड़गांव देवी मंदिर पर भाजपा कार्यकर्ताओं की एकत्र भीड़ ने माता का जयकारा लगाया। मंदिर में प्रत्याशी मुकेश राजपूत ने पूजा अर्चना के साथ जीत का आशीर्वाद पाने के लिए माता के दरबार में माथा टेका और इस मंदिर के समीप भाजपा के डीसीएम पर सजे रथ पर सवार होकर नागरिकों का अभिवादन हाथ जोड़कर करते हुए वोट मांगने और शहर में रोड शो पर निकले। यहा गुड़गांव देवी मंदिर से रोड शो रैली में भाजपा के पहले रथ पर भाजपा प्रत्याशी मुके श राजपूत, विधायक सुशील शाक्य, विधायक नागेंद्र सिंह राठौर, विधायक मेंजर सुनील दत्त द्विवेद्वी विधायक, डॉ सुरभि, एमएलसी प्रियांशु द्विवेदी जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता साथमें डा.रजनी सरीन, मिथलेश अग्रवाल, वत्सला अग्रवाल, सौभाग्यवती राजपूत, अनिता द्विवेदी, मोनिका यादव अपने कार्यकर्ताओं पदाधिकारी के साथ सवार थे। यह रथ सवार भाजपा नेता ने नागरिकों का हाथ हिलाकर अभिवादन कर वोट मांगे।

# सड़क किनारे मिला डेरी व्यवसायी के पुत्र का शव

**संडीला, हरदोई।** दूध व्यवसायी के युवा पुत्र का शव सड़क के किनारे झाड़ियों में पड़ा हुआ मिला। मृतक के परिजन ने हत्या कर शव को फेंकने का आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम तिलुइयां कलां निवासी डेयरी व्यवसाई रमेश कुमार का युवा पुत्र 20 वर्षीय रामकिशोर बेगमगंज स्थित एक ढाबे पर दूध देने के लिए अपनी मोटरसाइकिल से रात को गया था। रमेश के अनुसार जब रामकिशोर देर तक घर नहीं लौटा तो उन्होंनें उसको फोन किया, जिसपर उसने बताया कि वह पेट्रोल पंप पर पेट्रोल ले रहा है और 10 मिनट में गांव पहुंच जाएगा, लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। जब सुबह रामकिशोर घर में नहीं दिखा तो घरवाले उसकी तलाश में निकले। जब वे सांक मोड़ के पास पहुंचे तो उन्होंनें रामकिशोर का शव झाड़ियों में पड़ा देखा। पास ही सड़क पर उसकी मोटरसाइकिल पड़ी थी। इसके बाद सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गयी और शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

# लोधी मतदाताओं को मनाने 17 मई को आएंगे प्रधानमंत्री मोदी

**विनोद शुक्ला।** हमीरपुर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी का राठ आने का कार्यक्रम एक दिन और बढ़ा दिया गया है अब मोदी 16 के बजाय 17 को आयेंगे। लोधी बाहुल्य क्षेत्र राठ व चरखारी में लोधी मतदाताओं का सपा के पक्ष में ध्रुवीकरण होने से प्रधानमंत्री का कार्यक्रम राठ में रखा गया है। लोधी मतदाताओं का लगातार सपा के पाले में जाने से भाजपा खेमें हलचल मच गयी है। चवालिस साल बाद कोई प्रधानमंत्री राठ कस्वे में आ रहे है। मोदी जी लोधी मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में करने में कितनी सफलता मिलती है यह समय ही बतायेगा। जानकारी के मुताबिक राठ(सु) व चरखारी दोनो विधानसभाओं में लोधी मतदाता ही निर्णायक बोट माना जाता है। संसदीय क्षेत्र में लोधी मतदाताओं की संख्या नौ फीसदी है यानी एक लाख 55 हजार से अधिक लोधी मतदाता है। जिसमे हमीरपर जिले में करीब 87 हजार व महोवा जिले में करीब 68 हजार लोधी मतदाता है हमीरपुर में करीब 65 हजार मतदाता राठ क्षेत्र में रहता है इसी प्रकार महोवा जिले के चरखारी विधानसभा में करीब 55 हजार मतदाता निवास करता है। हालाकि भाजपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल से हर मतदाता की शिकायत है कि वह फोन नही उठाते किसी से नही मिलते। इसी लिये प्रत्याशी ही नही सभी कार्यकर्ता मोदी के नाम पर वोट मांगते है। वर्ष 2019 में कांग्रेस से प्रीतम सिंह लोधी ने एक लाख 14 हजार 534 मत प्राप्त किये थे उस समय प्रीतम सिंह को सभी लोधी मतदाताओं ने समर्थन नही दिया था। सपा से अजेंद्र सिंह लोधी चुनावी मैदान में हैजिनकी लोधी मतदाताओं में पकड़ अच्छी मानी जाती है। राठ चरखारी के ज्यादातर लोधी एकजुट होकर सपा के पक्ष में मतदान कराने का मन बना रहे है जिससे भाजपा खेमें में हलचल मची है।

# जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा से जर्जर हुआ चक्कर रोड बाईपास, हो रही दुर्घटनाएं

**संवाददाता।** संडीला, हरदोई



**नगर** का अत्यंत महत्वपूर्ण चक्कर रोड बाईपास अत्यंत जर्जर हो चुका है, जिसके कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। दूसरी ओर इस महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग के निर्माण को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उदासीन दिखाई देते हैं।

नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग से होकर अतरौली बस स्टॉप तक नगर के बाहर से जाने वाले लगभग 3 कि0मी0 लंबे चक्कर रोड बाईपास की स्थिति अत्यंत जर्जर हो गयी है। इस महत्वपूर्ण बाईपास पर मोहल्ला शक्तिनगर, आईआर इंटर कॉलेज, मानस नगर, झाड़ी शाह तीर्थ स्थल, पार्वती स्कूल, एसबी पब्लिक स्कूल, कोल्ड स्टोरेज, मोहल्ला मण्डई तथा गढ़ी स्थित हैं। इसके अलावा यह बाईपास सांक संपर्क मार्ग, ककराली संपर्क मार्ग तथा अतरौली मालरोड से भी जोड़ता है। नगर का यह अत्यंत महत्वपूर्ण बाईपास बेहद जर्जर हो गया है। इस बाईपास का तीन चौथाई डामर रोड गायब हो चुका है और उसपर मात्र गिट्टी फैली हुईं हैं। इस गिट्टियों पर होकर छोटे बड़े वाहन गुजरते हैं। सर्वाधिक समस्या दो पहिया वाहनों को होती है, क्योंकि जरा सा नियंत्रण खेते ही बाईक सवार दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। शायद ही कोई दिन ऐसा होता हो जब दो चार बाइक सवार इस बाईपास पर दुर्घटनाग्रस्त होकर अपने हाथ पैर न तुड़वाते हों। इसके अलावा छोटे चौपहिया वाहन भी दुर्घटनाओं का शिकार होते रहते हैं।

नगर के बाहर से अतरौली बेनीगंज तक जाने वाले इस महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग के पुर्ननिर्माण को लेकर समय समय पर लोगों द्वारा मांग की जाती रही है और अक्सर चुनाव के समय क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि इसके निमार्ण को लेकर आश्वासन देते रहते हैं लेकिन अभी तक इस बाईपास के निमार्ण को लेकर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस संपर्क मार्ग के निर्माण को लेकर नगर पालिका के जिम्मेदारों का सीधा जवाब यह होता है कि यह सड़क पीडब्लूडी बनाएगी।

हालांकि नगर की सीमा वृद्धि हो जाने से अब यह संपर्क मार्ग नगर पालिका परिषद की सीमा में ही है। इस संबंध में जानकारी करने के लिए अधिशासी अधिकारी से संपर्क किया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका, इस लिए उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई।

# भाजपा राष्ट्रवादी, सपा और कांग्रेस परिवारवादी पार्टीः तेजस्वी सूर्या



**सुमेरपुर, हमीरपुर।** लोकसभा के प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के समर्थन में सुमेरपुर के ठड़ेश्वरी आश्रम में शनिवार को आयोजित भाजपा के युवा सम्मेलन में भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने विपक्ष के ऊपर हमला बोलते कहा कि कांग्रेस और सपा परिवारवादी पार्टियां है इस चुनाव में एक तरफ राष्ट्रवादी राजनीति है तो दूसरी ओर परिवारवादी राजनीति है, दोनो पार्टियां परिवारवाद को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने काग्रेस के घोषणा पत्र की चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस ने मुस्लिम का शरीयत कानून लागू करने का संकल्प लिया है।

उन्होंने कर्नाटक के नेहा काण्ड की चर्चा करते हुए इसका ठीकरा कांग्रेस पर फोड़ा और कहा कि वहां बहन बेटियां सुरक्षित नहीं हैं, कांग्रेस पार्टी से सभी को सावधान रहने की जरूरत है, यह साधारण चुनाव नही है यह चुनाव देश के भावी भविष्य की नीव रखने का चुनाव है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 साल में बुंदेलखंड में डिफेंस कॉरिडोर बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के न बेतवा लिंक सहित काफी बदलाव किए है, जबकि इसके पूर्व सपा बसपा और कांग्रेस ने बुंदेलखंड को लूटने का काम किया है।

# मातृ दिवस पर महर्षि विद्या मन्दिर में हुईं प्रतियोगिताएं

**फतेहपुर।** महर्षि विद्या मन्दिर सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में मातृ दिवस के अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। प्राथमिक वर्ग के बच्चों के लिए फोटो फ्रेमिंग आयोजित की गयी। वहीं जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता व सीनियर वर्ग के लिए निबन्ध लेखन जिसका विषय था माँ प्रथम शिक्षिका बच्चों ने सुन्दर व मनमोहक ग्रीटिगं द्वारा माँ के व्यक्तित्व को अपनी कल्पना शक्ति से उके रा। कविता गायन प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग के बच्चों ने बहुत ही सुन्दर तरीके से माँ के प्रति श्रद्धा, समर्पण, त्याग व तपस्या की प्रतिमूर्ति जैसे भाव प्रस्तुत किये गये। ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग से श्रृनि सिंह, तृषा व आरजू कुशवाहा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर चयनित किये गये। वही सीनियर वर्ग से कविता वाचन प्रतियोगिता में उत्कर्ष त्रिपाठी प्रथम, नैनम गुप्ता द्वितीय, शाम्भवी और अंशिका श्रीवास्तव तृतीय स्थान पर रहे।

# खरगे ने पवार एवं उद्धव पर टिप्पणी के लिए मोदी की आलोचना की

**भाषा।** पटना



**कांग्रेस** के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) प्रमुख शरद पवार से कांग्रेस के साथ जाकर मरने के बजाय भाजपा नीत राजग से हाथ मिलाने के लिए कहने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना की। इंडिया गठबंधन के नेताओं के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए खरगे ने कहा, नंदुरबार में (नरेन्द्र) मोदी ने कहा कि ठाकरे और (शरद)पवार को पाला बदल लेना चाहिए और उनकी सभी इच्छाएं पूरी हो जाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस के साथ मरने से बेहतर ऐसा करना होगा। क्या कोई प्रधानमंत्री ऐसी भाषा बोलता है। प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी राकांपा के संस्थापक शरद पवार के उस बयान का जिक्र करते हुए की थी जिसमें राकांपा (एसपी) सुप्रीमों ने कहा था कि भाजपा का विरोध करने वाली कई छोटी पार्टियां कांग्रेस के करीब आएंगी और कुछ का उसमें विलय भी हो सकता है। खरगे ने लोकसभा चुनाव के तीन चरण जिसमें 285 (लोकसभा की कुल 543 सीटों में से) पर हुए मतदान के बारे में अपने अनुमान के अनुसार इस बात पर जोर दिया कि मोदी के लिए केंद्र में अगली सरकार बनाना अत्यंत मुश्किल होने वाला है। कांग्रेस प्रमुख ने कहा, मैं आंध्र प्रदेश में रैलियों को संबोधित कर रहा था, जब प्रधानमंत्री पड़ोसी राज्य तेलंगाना में थे। अतीत में उनके भाषणों में जो अभिमान और गर्व था, वह गायब था। खरगे ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार के खिलाफ जबरदस्त जनाक्रोश है, जो बेरोजगारी और असहनीय मुद्रास्फीति से निपटने में (पूरी तरह) असमर्थ है। उन्होंने कहा, मोदी ने प्रति वर्ष दो करोड़ नौकरियों के वादे किए थे अबतक 20 करोड़ नौकरियां देनी थी जो उन्होंने नहीं दिए। वह उसके बारे में वह कुछ नहीं बोलते। वह मुद्रास्फीति और महंगाई के बारे में भी कुछ नहीं बोलते। इनका अपने भाषण में कहीं भी जिक्र नहीं करते। इस तरह उन्होंने जो वादे किए थे, उन वादों पर वह कुछ बात नहीं करते। उन्होंने 10 साल में क्या विकास कार्य किया, उसके बारे में भी वह कुछ नहीं बोलते। उन्होंने अपनी सारी ऊर्ज्रा ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों के माध्यम से राजनीतिक विरोधियों को परेशान करने पर केंद्रित की है। इसलिए उनके पास बोलने के लिए कुछ भी नहीं है और वह हिंदू-मुस्लिम के बीच विभाजन पैदा करने का सहारा ले रहे हैं, लेकिन लोग उनकी इस चाल को समझ गए हैं। मोदी को प्रधानमंत्री बनने से रोका जाएगा और कहा कि अगली सरकार इंडिया गठबंधन बनाएगा, लेकिन उन्होंने इस सवाल को टाल दिया कि अगर विपक्षी गठबंधन सत्ता में आया तो शीर्ष पद किसे मिलेगा। सैम पित्रोदा को लेकर पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, उन्होंने (पार्टी की विदेशी शाखा के प्रमुख पद से) खुद ही इस्तीफा दे दिया।

# उच्चतम न्यायालय ने फर्जी मुठभेड़ मामले में पूर्व पुलिस अधिकारी प्रदीप शर्मा को जमानत दी



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गैंगस्टर रामनारायण गुप्ता उर्फ लखन भैया के 2006 के फर्जी मुठभेड़ मामले में उम्रकैद की सजा पाए मुंबई के पूर्व पुलिस अधिकारी प्रदीप शर्मा को जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने महाराष्ट्र सरकार के वकील की इस दलील पर गौर किया कि अदालत द्वारा शर्मा को जमानत देने पर सरकार को कोई आपत्ति नहीं है। शर्मा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता- मुकुल रोहतगी और सिद्धार्थ लूथरा- पेश हुए, जबकि वरिष्ठ अधिवक्ता आर. बसंत ने शिकायतकर्ता का प्रतिनिधित्व किया और पूर्व अधिकारी की जमानत याचिका का विरोध किया। उच्चतम न्यायालय ने आठ अप्रैल को प्रदीप शर्मा को राहत देते हुए कहा था कि उन्हें 2006 के फर्जी मुठभेड़ मामले में मिली आजीवन कारावास की सजा भुगतने के लिए अगले आदेश तक आत्मसमर्पण करने की जरूरत नहीं है। बम्बई उच्च न्यायालय के 19 मार्च के फैसले के खिलाफ शर्मा की अपील स्वीकार करते हुए पीठ ने कहा था, यह बरी किए जाने के फैसले को उच्च न्यायालय द्वारा पलटने का मामला है, जिसमें अपील अपीलकर्ता द्वारा दायर की गई है। वैधानिक अपील सुनवाई के लिए स्वीकार की जाती है। जमानत याचिका पर नोटिस जारी किया जाता है। उच्च न्यायालय ने उन्हें तीन सप्ताह में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है। सुनवाई की अगली तारीख तक उन्हें आत्मसमर्पण करने की जरूरत नहीं है। उच्च न्यायालय ने 19 मार्च को मामले में 13 अन्य आरोपियों, 12 पूर्व पुलिसकर्मियों और एक अन्य व्यक्ति की दोषसिद्धि और आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा था। उच्च न्यायालय ने सबूतों की कमी के कारण शर्मा को बरी करने के सत्र न्यायालय द्वारा पारित 2013 के फैसले को रद्द कर दिया था। ग्यारह नवंबर 2006 को, पुलिस के एक दल ने नवी मुंबई के वाशी इलाके से रामनारायण गुप्ता उर्फ लखन भैया और उनके दोस्त अनिल भेड़ा को हिरासत में लिया था और उसी शाम रामनारायण गुप्ता पश्चिमी मुंबई के वर्सोवा के निकट एक फर्जी मुठभेड़ में मारा गया था। गुप्ता का सहयोगी अनिल भेड़ा दिसंबर 2006 में रिहा हो गया था। हालांकि, जुलाई 2011 में, अदालत में गवाही देने से कुछ दिन पहले, भेड़ा का कथित तौर पर अपहरण कर लिया गया था और उसकी हत्या कर दी गई थी। फिलहाल राज्य सीआईडी मामले की जांच कर रही है। भेड़ा के मामले पर संज्ञान लेते हुए उच्च न्यायालय ने कहा था कि आज तक सीआईडी ने जांच पूरी करने और अपराधियों का पता लगाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है। शुरुआत में तेरह पुलिसकर्मियों सहित 22 लोगों पर हत्या का आरोप लगाया गया था। सुनवाई के बाद 2013 में सत्र अदालत ने 21 आरोपियों को दोषी पाया था और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। वर्ष 2013 में सत्र अदालत ने सबूतों के अभाव में शर्मा को बरी कर दिया था जबकि दो व्यक्तियों की हिरासत में मौत हो गई थी।

# इंदौर पर सीएम मोहन यादव बोले, दूल्हा बारात छोड़कर भाग गया, इसमें हमारी क्या गलती

**भाषा।** इंदौर

**मध्यप्रदेश के** इंदौर लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम के ऐन वक्त पर पर्चा वापस लेकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने को लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार को प्रमुख विपक्षी दल पर कटाक्ष किया। यादव ने कहा कि यह घटनाक्रम वैसा ही है, जब पूरे गांव के लोगों को शादी में भोजन का निमंत्रण दिया जाए, लेकिन विवाह से पहले ही दूल्हा बारात छोड़कर भाग जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि इंदौर में चुनावी दौड़ से बाहर कांग्रेस स्थानीय मतदाताओं से ँनोटौ के पक्ष में अपील करके लोकतंत्र का अपमान कर रही है। यादव ने इंदौर से करीब 30 किलोमीटर दूर बेटमा में भाजपा की चुनावी सभा में कहा, कांग्रेस ने लगातार माहौल बनाया कि भाजपा ने इंदौर में गलत काम कर दिया। अब इसमें हमारी क्या गलती है। यह ऐसी ही बात है कि किसी विवाह के लिए पूरे गांव के लोगों को भोजन का निमंत्रण दिया जाए और दूल्हा विवाह से पहले ही बारात छोड़कर भाग जाए। उन्होंने कहा कि इंदौर के घटनाक्रम में कांग्रेस नाकाम रही है और ऐसे में वह भाजपा को क्यों कोस रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, अगर किसी व्यक्ति का बाल-बच्चा घर से भाग जाए, तो किसकी गलती है। बाल-बच्चे आपके (कांग्रेस) हैं, तो आपको ही संभालने चाहिए। बाद में यादव इंदौर शहर पहुंचे और निवर्तमान सांसद व भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी के समर्थन में पार्टी के आयोजित रोड शो में शामिल हुए। इंडिया गठबंधन को घमंडिया गठबंधन करार देते हुए कहा, ए घमंडी लोग 17 लाख साल पहले भगवान राम के जमाने में सोने की लंका लेकर दुनिया पर अत्याचार के लिए पैदा हुए थे। ए लोग अक्ल के दिवालियापन के चलते माता सीता के लिए अपहरण के लिए नकली भगवाधारी बनकर गए थे। उन्होंने स्थानीय मतदाताओं से कांग्रेस की नोटा की अपील ठुकराने का आह्वान करते हुए कहा, माता सीता ने लक्ष्मण रेखा पार करने की गलती कर दी थी, लेकिन इंदौर के लोग संकल्प करें कि वे किसी भी हालत में लक्ष्मण रेखा पार नहीं करेंगे क्योंकि अब इन्होंने (कांग्रेस) नालायकी करते हुए नोटा की बात छेड़ दी है।

## आईआईएम नागपुर में स्नातक एमबीए पाठ्यक्रम के छात्रों में 43 प्रतिशत छात्राएं

**भाषा।** नागपुर

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम)-नागपुर की 111 छात्राओं समेत कुल 259 छात्रों ने शुक्रवार को स्नातक की पढ़ाई पूरी कर ली और सभी छात्रों को नौकरी मिल चुकी है। संस्थान के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस बैच (2022-24) में एमबीए नियमित स्नातक पाठ्यक्रम के छात्रों में लगभग 43 प्रतिशत छात्राएं शामिल थीं। अधिकारियों ने कहा कि यह एक बड़ी छलांग है क्योंकि 2021-23 बैच के 234 छात्रों में से केवल 52 (लगभग 22 प्रतिशत) छात्राएं थीं। शुक्रवार को संस्थान परिसर में आयोजित आठवें दीक्षांत समारोह में अन्य 31 छात्रों को नियमित एमबीए के प्रमाणपत्र दिए गए।

# हेमंत सोरेन के खिलाफ भूमि कब्जा करने से जुड़े धन शोधन मामले में और तीन लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि इसने कथित तौर पर भूमि कब्जा करने से जुड़े धन शोधन मामले के सिलसिले में तीन और गिरफ्तारियां की हैं। मामले में ईडी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कुछ अन्य को गिरफ्तार किया था। ईडी के अनुसार, धन शोधन (निवारण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत नौ मई को संजीत कुमार, मोहम्मद इरशाद और तापस घोष को हिरासत में लिया गया था। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा, इन व्यक्तियों को छोटा नागपुर काश्तकारी अधिनियम के तहत निर्धारित गैर-बिक्री योग्य भूमि के उपयोग की प्रकृति में बदलाव के लिए भू अभिलेखों की जालसाजी, उनमें छेड़छाड़ करने और फर्जी दस्तावेज तैयार करने में उनकी भूमिका के लिए गिरफ्तार किया गया है। बयान में कहा गया है कि इस अधिनियम का उद्देश्य आदिवासी और हाशिए पर मौजूद समुदायों के भू अधिकारों की रक्षा करना है। बयान के अनुसार, कुमार और घोष कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस में संविदा कर्मचारी के रूप में काम करते हैं। सोरेन सहित, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी छवि रंजन, राजस्व विभाग के पूर्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद और अन्य को ईडी ने अपनी जांच के तहत गिरफ्तार किया है। ईडी ने आरोप लगाया कि जांच में पाया गया कि उपरोक्त आरोपी व्यक्तियों द्वारा फर्जीवाड़ा और जालसाजी के जरिए हासिल की गई भूमि हेमंत सोरेन के अवैध कब्जे में है। रांची में सोरेन द्वारा अवैध रूप से हासिल कुछ भूखंडों सहित 266 करोड़ रुपए मूल्य की जमीन एजेंसी ने अब तक कुर्क की है, जबकि उसके द्वारा 64 तलाशी और सर्वेक्षण किए जाने के बाद आरोपपत्र दाखिल किया गया।

## क्विक न्यूज

### प्रख्यात पंजाबी कवि और लेखक सुरजीत पातर का निधन, नेताओं ने शोक व्यक्त किया

**लुधियाना।** प्रख्यात पंजाबी कवि एवं लेखक सुरजीत सिंह पातर का शनिवार की सुबह निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। उनके परिजनों ने यह जानकारी दी। परिजनों ने बताया कि सुबह करीब साढ़े छह बजे उनकी पत्नी भूपिंदर कौर ने उन्हें जगाने की कोशिश की लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया, जिसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पातर के परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटे हैं - जिनमें से एक ऑस्ट्रेलिया में रहता है। पातर के करीबी सहयोगी गुरभजन गिल ने कहा कि पातर के बेटे के ऑस्ट्रेलिया से आने के बाद सोमवार को उनका का अंतिम संस्कार किया जा सकता है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सहित कई नेताओं ने पातर के निधन पर दुख व्यक्त किया और कहा कि यह पंजाबी साहित्यिक क्षेत्र के लिए एक बड़ी क्षति है। पातर की प्रख्यात काव्य रचनाओं में हवा विच लिखे हर्फ , हनेरे विच सुलगदी वरनमाला , पतझड़ दी पाजेब , लफ्जां दी दरगाह और सुरजमीन शामिल हैं। प्रख्यात कवि पातर को 2012 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। वह पंजाब कला परिषद के अध्यक्ष भी थे। कवि और लेखक को साहित्य अकादमी पुरस्कार, पंचनद पुरस्कार, सरस्वती सम्मान और कुसुमाग्रज साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने कपूरथला के रणधीर कॉलेज से स्नातक और गुरु नानक देव विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधिक प्राप्त की। वह लुधियाना में पंजाब कृषि विश्वविद्यालय से पंजाबी भाषा के प्रोफेसर के पद से सेवानिवृत्त हुए। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि उन्हें पातर के निधन पर गहरा दुख हुआ है। कांग्रेस की पंजाब इकाई के प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने भी उनके निधन को पंजाबी साहित्य के लिए अपूरणीय क्षति बताया। वडिंग ने कहा कि वह पातर के निधन से दुखी हैं, जिन्होंने पंजाबी भाषा की सेवा की और इसे वैश्विक पटल पर पहुंचाया। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता कैप्टन अमरिंदर सिंह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, ँप्रसिद्ध पंजाबी लेखक और कवि पद्मश्री सुरजीत पातर साहब के निधन से आज एक युग का अंत हो गया। उनके परिवार और दुनिया भर में लाखों प्रशंसकों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है।

### विपक्ष बीड में मुकाबले को दो समुदायों के बीच की लड़ाई जैसा बनाने में जुटा हैः पंकजा मुंडे

**बीड।** महाराष्ट्र की बीड लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार पंकजा मुंडे का दावा है कि विपक्षी दल इस निर्वाचन क्षेत्र के मुकाबले को दो समुदायों के बीच की लड़ाई जैसा बनाने का प्रयास कर रहे हैं। बीड जिले में पिछले साल मराठा आरक्षण आंदोलन के दौरान हिंसा की कई घटनाएं देखी गई थीं, यहां तक कि प्रदर्शनकारियों ने राजनीतिक नेताओं खासकर सत्तारूढ़ भाजपा-शिवसेना-राकांपा (अजित गुट) गठबंधन के नेताओं के घरों को भी निशाना बनाया था। पंकजा ने बृहस्पतिवार को एक साक्षात्कार में पीटीआई-भाषा से कहा, यह गुस्सा व्यवस्था और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ था। उन्होंने माना कि यह बहुत आसान मुकाबला नहीं होगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत गोपीनाथ मुंडे की बेटी ने कहा कि उन्होंने (विपक्ष ने) इसे दो समुदायों के बीच की लड़ाई जैसा बना दिया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास यही एकमात्रमुद्दा है जिसे वे उठा सकते हैं, इसलिए वे इसे चतुराई से उठा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शायद कठिन मुकाबले को भांपकर इस बार पंकजा मुंडे को उनकी छोटी बहन और दो बार की मौजूदा सांसद प्रीतम मुंडे की जगह टिकट दिया। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के प्रमुख नेता रहे अपने पिता की तरह पंकजा खुद को राज्य में समुदाय के नेता के रूप में पेश करना चाहती हैं। हालांकि, ऐसी छवि आरक्षण आंदोलन की पृष्ठभूमि में बीड में उनके लिए चीजों को मुश्किल बना देती है। बीड में 13 मई को होने वाले चुनाव में पंकजा के मुख्य प्रतिद्वंद्वी राकांपा (शरद गुट) के बजरंग सोनवणे हैं जो मराठा समुदाय से हैं। पंकजा ने कहा, हर चुनाव अपने आप में कठिन होता है। इस बार स्थिति थोड़ी गंभीर है और अगर मैं इससे इनकार करती हूं, तो यह व्यावहारिक नहीं होगा। उन्होंने आरक्षण मुद्दे की ओर इशारा करते हुए कहा, कुछ मुद्दे जो बहुत संवेदनशील हैं, उन्हें संवेदनशीलता से निपटाया जाना चाहिए।

## एनआईए ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी साजिश मामले में जम्मू में छह स्थानों पर ली तलाशी

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय अन्वेषण** एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फैलाने की पाकिस्तान समर्थित साजिश मामले में जम्मू में छह स्थानों पर तलाशी ली। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि जम्मू और कश्मीर में स्टिकी बम, आईईडी और छोटे हथियारों आदि के साथ हिंसक हमले करने के लिए प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों और उनकी अनुषंगी शाखाओं द्वारा साजिश रचने से संबंधित एक मामले में एनआईए की कई टीम द्वारा क्षेत्र के डोडा, रामबन और किश्तवाड़ जिलों में व्यापक तलाशी ली गई। इसमें कहा गया है कि तलाशी में हाइब्रिड आतंकवादियों, आम जनता के बीच रहने वाले आतंकियों के सहयोगियों, आतंकी संगठनों की नवगठित अनुषंगी शाखाओं के सदस्यों और सहयोगियों, प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़े उनके समर्थकों से संबंधित कई परिसर से डिजिटल उपकरणों, दस्तावेजों आदि सहित कई आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई हैं। एनआईए द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि इन आतंकी संगठनों में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम), हिज्बुल मुजाहिदीन (एचएम), अल-बद्र, अल-कायदा आदि शामिल हैं।

# राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर नवाचार की ओर बढ़े विद्यार्थी

**श्रावस्ती।** भारत सरकार की संस्था राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद तथा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज के सहयोग से विद्यार्थी नवाचार से उद्यमिता की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर श्रावस्ती जिले के राजकीय इंटर कालेज गब्बापुर, सिरसिया में विद्यार्थियों ने स्थानीय समस्याओं के हल के लिए नवाचार के रूप में नए-नए विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर विशेषज्ञों ने उनका मार्गदर्शन भी किया। इस अवसर पर आंचलिक विज्ञान नगरी, लखनऊ की ओर से सचल विज्ञान प्रदर्शनी की बस भी कॉलेज पहुंची जो विद्यार्थियों के आकर्षण का केंद्र रही। इसमें छात्र-छात्राओं ने बहुत से वैज्ञानिक सिद्धांतों को विशेषज्ञों से प्रायोगिक आधार पर देखा-समझा। उल्लेखनीय है कि जिले के 10 कॉलेजों में विशेषज्ञों से सहयोग से बच्चे नवाचार के द्वारा उद्यम स्थापित करने हेतु अपने को तैयार कर रहे हैं। इनमें बड़ी संख्या में अनुसूचित जनजाति समाज के बच्चे लाभांवित हो रहे हैं। परियोजना समन्वयक एचआर नायक ने बताया कि प्रख्यात इन्नोवेटर बच्चों को नवाचार से उद्यमिता की ओर प्रेरित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। जनपद में चल रहे इस कार्यक्रम में प्रत्येक कालेज में 250 से अधिक विद्यार्थी नवाचार से उद्यमिता की ओर अपने को तैयार कर रहे हैं। विद्यार्थियों को समाज के लिए उपयोगी प्रोजेक्ट तैयार करना और विज्ञान के नए-नए मॉडल बनाना भी सिखाया जा रहा है। इसका पूरा खर्च संस्था द्वारा उठाया जा रहा है। विद्यार्थियों के लिए नवाचार संबंधी विज्ञान-तकनीक पर आधारित क्विज भी आयोजित किया गया। नवाचार के नए प्रयोग करने के लिए आगे आने वाले विद्यार्थियों को संस्था द्वारा तकनीकी व आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया जा रहा है।




## पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला : टीएमसी विधायक ने उच्चतम न्यायालय से याचिका वापस ली

**नई दिल्ली।** जेल में बंद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के विधायक माणिक भट्टाचार्य ने पश्चिम बंगाल में प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों की भर्ती में कथित धांधली से संबंधित मामले में अपनी जमानत याचिका उच्चतम न्यायालय से वापस ले ली है। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने शुक्रवार को भट्टाचार्य को उच्च न्यायालय के समक्ष कुछ अतिरिक्त दस्तावेजों के साथ एक नई याचिका दायर करने की अनुमति दे दी। पीठ ने कहा, उच्च न्यायालय याचिकाकर्ता द्वारा दायर याचिका पर गुण-दोष के आधार पर और यथासंभव शीघ्रता से विचार कर सकता है। उच्च न्यायालय इस मामले में नए सिरे से और कानून के अनुसार विचार कर सकता है। पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भट्टाचार्य को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रातभर की पूछताछ के बाद पिछले साल 11 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था।

# पेज 1 का शेष

## चौथे चरण...

मध्य प्रदेश (8), महाराष्ट्र (11), ओडिशा (4), तेलंगाना (17) हैं। , उत्तर प्रदेश (13), और पश्चिम बंगाल (8)। इसमें तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के पूरे क्षेत्र शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, यह चरण झारखंड और ओडिशा में मतदान की शुरुआत का प्रतीक है। आंध्र प्रदेश में भी 13 मई को विधानसभा चुनाव होंगे। दो विश्व कप विजेता क्रिकेटर बंगाल में राजनीतिक पिच का परीक्षण करेंगे। 65 वर्षीय पूर्व भारतीय क्रिकेटर कीर्ति आज़ाद, जो 1983 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा थे, बर्धमान-दुर्गापुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि 41 वर्षीय यूसुफ पठान 2011 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सदस्य हैं वे मुर्शिदाबाद की बहरामपुर सीट से राजनीतिक दांव पेंच आजमाए रहे हैं। जहां पठान राजनीति में नए हैं, वहीं आजाद को कुछ पुराना अनुभव है, लेकिन इन दोनों पर बाहरी होने का आरोप लग रहा है। इसके अलावा उनके प्रतिद्वंद्वी दिग्गज हैं। चौधरी सात बार के सांसद हैं जबकि घोष भी सांसद और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हैं। वे इस चुनाव में अपना राजनीतिक करियर भी दांव पर लगाने को तैयार हैं। इस चरण में हैदराबाद सीट पर बड़ा मुकाबला एआईएमआईएम पार्टी के असदुद्दीन औवेसी और बीजेपी पार्टी की माधवी लता के बीच है। हालाँकि लता सोशल मीडिया और ज़मीन पर सक्रिय हैं, लेकिन उनके लिए असदुद्दीन ओवैसी को हराना आसान नहीं होगा। दिसंबर 2023 में लोकसभा से निष्कासित की गईं तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा दूसरी बार पश्चिम बंगाल में कृष्णानगर निर्वाचन क्षेत्र जीतने की दौड़ में हैं। उनके खिलाफ बीजेपी नेता और कृष्णानगर राजघराने की राजमाता अमृता रॉय हैं। इंडिया ब्लॉक के लिए, सीपीआई (एम) के एसएम सादी चुनाव लड़ेंगे। भारतीय फिल्म उद्योग के बिहारी बाबू के नाम से मशहूर तृणमूल उम्मीदवार शत्रुघ्न सिन्हा पश्चिम बंगाल के आसनसोल से भाजपा उम्मीदवार सुरिंदरजीत सिंह अहलूवालिया का सामना करेंगे। 2019 के लोकसभा चुनावों में लोकप्रिय गायक बाबुल सुप्रियो, जो उस समय भाजपा के साथ थे, ने सीट जीती थी। सोमवार को बेगुसराय और उजियारपुर में मतदान होना है, जिसका प्रतिनिधित्व क्रमश: ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह और गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय करेंगे। दोनों भाजपा नेता अपनी सीटें बरकरार रखना चाहते हैं। बिहार के महत्वपूर्ण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक, बेगुसराय एक सामान्य सीट है जो अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित नहीं है। वर्तमान में इसका प्रतिनिधित्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता गिरिराज सिंह कर रहे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में सिंह ने सीपीआई नेता कन्हैया कुमार (अब कांग्रेस नेता) को बड़े अंतर से हराया। 2004 से पहले यह सीट कांग्रेस का गढ़ थी। इंडिया ब्लॉक ने सिंह के खिलाफ अपने संयुक्त उम्मीदवार के रूप में अवधेश कुमार राय को मैदान में उतारा है। उजियारपुर से केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय चुनाव लड़ रहे हैं. इनमें से तीन सीटें वर्तमान में भाजपा के पास हैं और पार्टी दरभंगा और मुंगेर में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की रैलियों के बाद आशावादी है, जो सहयोगी जद (यू) के पास हैं, लेकिन जहां पीएम ने गिरिराज सिंह को भी बुलाया था और वोट मांगे थे। आंध्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष वाईएस शर्मिला, पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी की बेटी और मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी की बहन, आंध्र प्रदेश की कडप्पा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगी। कडपा 1989 से वाईएस परिवार का गढ़ रहा है। शर्मिला अपने चचेरे भाई और वाईएसआरसी सांसद वाईएस अविनाश रेड्डी से भिड़ेंगी। वाईएसआरसीपी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी (पुलिवेंडला), टीडीपी सुप्रीमो एन चंद्रबाबू नायडू (कुप्पम) और जनसेना प्रमुख और अभिनेता पवन कल्याण (पीथापुरम) सहित अन्य लोग विधानसभा चुनाव की दौड़ में हैं।

## कन्नौज में....

बड़ा नहीं हो सकता। राजनीतिक इतिहास में डूबा हुआ कन्नौज लंबे समय से समाजवादी पार्टी के प्रभुत्व का पर्याय रहा है। दशकों से यादव परिवार ने प्रभाव कायम रखा है और इसे अपनी राजनीतिक शक्ति के एक दुर्जेय गढ़ में बदल दिया है। हालाँकि, 2019 में इस किले में दरारें सामने आईं जब भाजपा उम्मीदवार सुब्रत पाठक ने डिंपल यादव को हराकर एक महत्वपूर्ण झटका दिया, जिससे परिवार की जीत का सिलसिला बाधित हो गया। इस नुकसान की गूंज पूरे यादव परिवार में सुनाई दी, जो उनके राजनीतिक भाग्य में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ। परिवार के मुखिया मुलायम सिंह यादव ने 2022 में अपने निधन से पहले यह झटका देखा और अपने पीछे हार से दागदार विरासत छोड़ गए। अब, जब अखिलेश यादव चौथी बार कन्नौज लौट रहे हैं, तो उनके सामने एक अत्यंत कठिन कार्य है - उस स्थान को पुन: प्राप्त करना जो कभी उनके परिवार का गढ़ था। यह सिर्फ राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई नहीं है, बल्कि मुलायम सिंह यादव की अधर में लटकी विरासत को बचाने की लड़ाई है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय सिंह यादव कहते हैं, मैं इसे अपनी पहचान की लड़ाई के रूप में देखता हूं। कन्नौज यादव परिवार का पर्याय है, और हम इसे खोने का जोखिम नहीं उठा सकते। लेकिन मुक्ति का मार्ग चुनौतियों से भरा है। भाजपा के सुब्रत पाठक, निर्वाचन क्षेत्र को बरकरार रखने के लिए अपनी कोशिश में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। भाजपा की दुर्जेय मशीनरी के समर्थन के साथ पाठक अखिलेश की महत्वाकांक्षाओं के लिए एक बड़ी बाधा बन गए हैं। एक प्रमुख इत्र व्यापारी धीरेंद्र मिश्रा कहते हैं, विजेता और हारने वाले का फैसला करने में बहुत कम अंतर हो सकता है। 2014 के चुनाव में डिंपल यादव ने सुब्रत पाठक पर 18,107 वोटों के बड़े अंतर से जीत हासिल की। हालाँकि, 2019 में, पाठक ने पासा पलट दिया और डिंपल को 12,353 वोटों के अंतर से हरा दिया था। फिर भी, राजनीतिक उथल-पुथल के बीच कन्नौज की भावना अविचल बनी हुई है। इसके प्रसिद्ध इत्र उद्योग की खुशबू हवा में व्याप्त है, जो बदलती राजनीतिक लहरों के बीच क्षेत्र के लचीलेपन का प्रमाण है। पीढ़ियों से कन्नौज के इत्र निर्माता कायम रहे हैं, उनकी कला राजनीति की क्षणिक प्रकृति से परे है। स्थानीय भोजनालय के मालिक शैलेन्द्र सक्सेना कहते हैं, कन्नौज में हमारी जड़ें बहुत गहरी हैं। राजनीतिक संबद्धता के बावजूद, हमारी निष्ठा उन लोगों के साथ है जो हमारे मूल्यों और परंपराओं को कायम रखते हैं। कन्नौज में 13 मई को मतदान होना है।

# मुर्मू का कांग्रेस ने किया अपमान, उसे शहजादे की उम्र से भी कम सीट मिलेंगी : प्रधानमंत्री मोदी

**चतरा ( झारखंड )( भाषा )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अयोध्या के राम मंदिर के दौरे के बाद अपमान करने के लिए विपक्षी इंडिया गठबंधन की शनिवार को आलोचना की और कहा कि कांग्रेस को अपने शहजादे की उम्र से कम सीट मिलेंगी।मोदी ने चतरा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि गठबंधन के नेता विपक्ष की मान्यता हासिल करने के लिए लोकसभा चुनाव के बाद छोटे दलों का विलय करने की योजना बना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने परोक्ष तौर पर राहुल गांधी के स्पष्ट संदर्भ में कहा, कांग्रेस को अपने शहजादा की उम्र से कम सीट मिलेंगी। उन्होंने कहा कि गठबंधन ने हार पहले ही स्वीकार कर ली है। उन्होंने कहा, इंडी गठबंधन के एक बड़े नेता का यह बयान उनकी हताशा को दर्शाता है कि चुनाव के बाद सभी छोटे दलों को कांग्रेस में विलय कर लेना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आंध्र प्रदेश, ओडिशा और अरुणाचल प्रदेश में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकारें बनेंगी, जहां विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष को लोकसभा चुनाव में 50 सीट भी नहीं मिलेंगी। मोदी ने कहा, कांग्रेस की मानसिकता 18वीं सदी की है...राष्ट्रपति द्वारा राम मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद उन्होंने मंदिर की सफाई की बात की...उन्होंने राष्ट्रपति का अपमान किया। उन्होंने कहा, आदिवासियों ने राजकुमार राम को 14 साल के वनवास के दौरान अयोध्या के मर्यादा पुरूषोत्तम राम में बदल दिया, हम इसके लिए आदिवासियों को पूजते हैं, लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो)-कांग्रेस इस सम्मान को पचा नहीं पा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों के वोट ने उन्हें देश की सेवा करने का मौका दिया और एक आदिवासी महिला को देश का राष्ट्रपति बनाया। उन्होंने कहा, आपका एक वोट राष्ट्रविरोधी ताकतों को रोकेगा।

# नड्डा, शाह और राजनाथ ने एकसुर में कहा, मोदी सरकार का नेतृत्व करते रहेंगे

**भाषा।** नई दिल्ली, हैदराबाद



**केंद्रीय मंत्रियों** अमित शाह और राजनाथ सिंह सहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं ने शनिवार को कहा कि यदि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सत्ता में आए तो अपना कार्यकाल पूरा करेंगे और आम आदमी पार्टी (आप) के इस दावे को खारिज कर दिया कि मोदी चाहते हैं कि अगले साल 75 वर्ष के होने के बाद अमित शाह उनके उत्तराधिकारी बनें। केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी में आप मुख्यालय में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के लिए वोट मांग रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि मोदी के 75 वर्ष के होने पर सेवानिवृत्त होने के बाद शाह उनके (मोदी) उत्तराधिकारी होंगे।केजरीवाल के इस दावे पर पलटवार करते हुए भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया के पास मोदी का मुकाबला करने के लिए कोई नीति और कार्यक्रम नहीं है। उन्होंने कहा कि हार का एहसास होने के बाद बौखलाए केजरीवाल और अन्य विपक्षी नेता अब पूरी तरह से देश को गुमराह करने में लगे हैं। उन्होंने कहा, भाजपा के संविधान में उम्र को लेकर ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। एक सवाल के जवाब में, शाह ने हैदराबाद में संवाददाताओं से कहा कि भाजपा के संविधान में ऐसी कोई आयु सीमा का उल्लेख नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर भाजपा में कोई भ्रम नहीं है। मैं अरविंद केजरीवाल एंड कंपनी और पूरे इंडिया गठबंधन को बताना चाहता हूं कि मोदी के 75 साल के हो जाने पर उन्हें खुश होने की जरूरत नहीं है। मोदी अपना कार्यकाल पूरा करेंगे और वह देश का नेतृत्व करते रहेंगे। इस मुद्दे पर भाजपा में कोई भ्रम नहीं है। वे (विपक्ष) यह भ्रम पैदा करना चाहते हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में शाह के रुख को दोहराया। उन्होंने कहा कि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) मोदी के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहा है और वह तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे और अपना कार्यकाल पूरा करेंगे।भाजपा, राजग या लोगों के बीच इसे लेकर कोई भ्रम नहीं है। सिंह ने कहा कि जेल से रिहा होने के बाद केजरीवाल ने जिस तरह के अनाप-शनाप बयान दिए, उससे यह स्पष्ट हो गया है कि मोदी के नेतृत्व में सत्तारूढ़ गठबंधन शानदार जीत की ओर बढ़ रहा है।जो इंडी गठबंधन अपने नेतृत्व पर निर्णय नहीं ले पा रहा है वह हमारे नेतृत्व के बारे में असफल अटकलें लगा रहा है...मोदी भाजपा के दिल में हैं। लोगों के बीच मोदी की जो स्वीकार्यता और विश्वसनीयता है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने केजरीवाल पर पलटवार किया और चुटकी लेते हुए कहा कि केजरीवाल उनकी पार्टी (भाजपा) की उत्तराधिकार योजना के बारे में बात कर रहे हैं, लेकिन धनशोधन के आरोप में जेल जाने के बावजूद उन्हें आप के किसी भी सहयोगी पर भरोसा नहीं हुआ जो उनका उत्तराधिकारी बन सके।

# हिमाचल में भाजपा चौका और छक्का लगाएगी: अनुराग ठाकुर

**पायनियर समाचार सेवा।** हमीरपुर/शिमला



**केंद्रीय** सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हिमाचल प्रदेश की सभी चार लोकसभा सीट और छह विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव जीतकर चौका और छक्का लगाएगी। हमीरपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार ठाकुर ने कहा कि लोग केंद्र में भाजपा नीत सरकार के प्रदर्शन से खुश हैं और नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं। ठाकुर ने हमीरपुर के गांधी चौक पर जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, हमने राम मंदिर का निर्माण किया। कांग्रेस कहती है कि वह मस्जिद बनाएगी। विपक्षी दलों ने कहा कि वे सनातन को कुचल देंगे और उन्होंने (विपक्षी दलों) इसकी तुलना एचआईवी एड्स और मलेरिया से की। जैसे मुगल और अंग्रेज आए और चले गए, वैसे ही कांग्रेस भी जा रही है। सनातन था, सनातन है और सनातन रहेगा। कांग्रेस कहती है कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है, लेकिन सच्चाई यह है कि जैसे पाकिस्तान दाने-दाने को तरस रहा है, वैसे ही कांग्रेस एक-एक सीट को तरस रही है। हमने पाकिस्तान को 1965, 1971 और करगिल युद्ध में हराया और यदि पाकिस्तान ने भारत की तरफ आंख उठाई तो हमें उसे धूल में मिलाने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। ठाकुर ने कांग्रेस को पाकिस्तान बताते हुए कहा कि उसकी फिर से हार होगी। उन्होंने कहा, वे कहते हैं कि पाकिस्तान ने चूड़ियांनहीं पहनी हैं और मैं आपको बता दूं कि हमारी बहनें जो चूड़ियां पहनती हैं और एके-47 राइफल रखती हैं, उनमें घुसपैठियों को मारने की हिम्मत है। भाजपा ने कभी अपनी विचारधारा नहीं बदली और अपना वादा निभाया।भाजपा नेता ने कहा कि देश की जनता ने 2014 में भ्रष्ट कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर दिया और एक चाय बेचने वाले नरेन्द्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाया। राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए ठाकुर ने कहा कि 15 महीने बीत गए लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी द्वारा किए गए वादे के अनुसार।,500 रुपए प्रति माह न तो महिलाओं के बैंकों में जमा किए गए हैं और न ही जमा किए जाएंगे।

और उस पर जनता को धोखा देने का आरोप लगाया। उन्होंने युवाओं से पूछा कि वादे के मुताबिक उन्हें पांच लाख नौकरियां मिलीं या नहीं, कांग्रेस सरकार ने दूध 100 रुपए प्रति लीटर और गोबर दो रुपए प्रति किलो खरीदा या नहीं। ठाकुर ने कहा कि लोगों का प्यार उनकी 20 साल की कमाई है। पूर्व मुख्यमंत्रियों प्रेम कुमार धूमल तथा जयराम ठाकुर और भाजपा की हिमाचल प्रदेश इकाई के प्रमुख राजीव बिंदल तथा राज्य पार्टी प्रभारी सौदान सिंह ठाकुर के साथ मंच पर मौजूद थे। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि नतीजे चार जून को घोषित किए जाएंगे लेकिन लोगों को पहले से ही उम्मीद है कि मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे और अनुराग ठाकुर पांच लाख से अधिक के अंतर से हमीरपुर सीट पर जीत दर्ज करेंगे। बिंदल ने पार्टी कार्यकर्ताओं से भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए हर घर में जाने का आह्वान किया। इससे पहले अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर जिले में एक रोड शो विजय संकल्प यात्रा किया और कहा कि लोगों के उत्साह से स्पष्ट रूप से पता चलता है कि उन्होंने भाजपा को वोट देने का मन बना लिया है।उन्होंने कहा कि लोग केंद्र में भाजपा नीत सरकार के प्रदर्शन से खुश हैं और नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं। हमीरपुर से चार बार सांसद रहे अनुराग ठाकुर ने सुबह अपना कार्यक्रम शुरू किया और कुलदेवी-अवाहदेवी मंदिर जाकर खुद के लिए और पार्टी के लिए आशीर्वाद मांगा। उन्होंने अपने माता-पिता से आशीर्वाद भी लिया। अवाहदेवी से हमीरपुर तक निकाले गए रोड शो में ठाकुर खुली जीप में सवार होकर शामिल हुए। उन्होंने शिव मंदिर में पूजा-अर्चना भी की, जहां पार्टी के सैकड़ों स्थानीय नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।शहर में चारों ओर भाजपा के झंडे, बैनर और होर्डिंग्स लगे नजर आ रहे थे।

## लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 65.68 प्रतिशत मतदान: निर्वाचन आयोग

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के अद्यतन आंकड़े के अनुसार, तीसरे चरण में 65.68 प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग ने शनिवार को यह जानकारी दी। निर्वाचन आयोग ने तीसरे चरण के मतदान के एक दिन बाद आठ मई को भी मतदान प्रतिशत का यही आंकड़ा बताया था। आयोग ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि 66.89 प्रतिशत पुरुषों, 64.4 प्रतिशत महिलाओं और 25.2 प्रतिशत पंजीकृत ट्रासजेंडर ने मतदान किया। तीसरे चरण में 8.85 करोड़ पुरुषों और 8.39 करोड़ महिलाओ सहित 17.24 करोड़ नागरिक मतदान करने के योग्य थे। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए 11 राज्यो और केंद्र शासित प्रदेशों के 93 निर्वाचन क्षेत्र में मंगलवार को मतदान हुआ था। इस दौरान हिसा की छिटपुट घटनाएं हुई थी।इससे पहले, 2019 के संसदीय चुनावो के तीसरे चरण में मतदान प्रतिशत 68.4 था। केवल शब्दो तक ही सीमित नही है, बल्कि व्यवहार मे भी दिखाई देता है।

## टाटा पावर को 4,280 करोड़ रुपये का लाभ

**मुंबई।** भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनियों में से एक टाटा पावर ने 31 मार्चए 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष में 4,280 करोड़ रुपये का कर पश्चा त लाभ पीएटी अर्जित किया,जो अब तक का सर्वाधिक पीएटी है। वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही में 1,109 करोड़ रुपये के साथ कंपनी ने लगातार 18वीं तिमाही में पीएटी वृद्धि की मजबूत विकास गति को बनाए रखा है। वहीं कंपनी का बाजार पूंजीकरण बढ़कर 1.4 लाख करोड़ से अधिक हो गया है। वित्त वर्ष 24 में कंपनी ने अपना अब तक का उच्चतम राजस्व और एबिटा अर्जित किया जो क्रमशः 61,542 करोड़ रुपये और 12,701 करोड़ रुपये है। जेनरेशन, ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन और रिन्यूएबल्स के मुख्य व्यवसायों की मजबूत बढ़ती हिस्सेदारी ने वित्त वर्ष 2023 में 44प्रतिशत की तुलना में वित्त वर्ष 24 के पीएटी में 74प्रतिशत का योगदान दिया। कंपनी के निदेशक मंडल ने शेयरधारकों की मंजूरी के अधीनए प्रति इक्विटी शेयर 2 रुपये के लाभांश की सिफारिश की है। टाटा पावर के सीईओ और प्रबंध निदेशक प्रवीर सिन्हा ने कहा कि कंपनी ने वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही के साथ शानदार नतीजों की एक और तिमाही का प्रदर्शन किया है, जो पीएटी वृद्धि की लगातार 18वीं तिमाही है।

## भोजपुर पुलिस ने चार हथियार बरामद किया, एक गिरफ्तार

**आरा।** बिहार के भोजपुर जिले में पुलिस ने छापामारी कर दो देसी राइफल, एक कारबाईन, एक देसी पिस्तौल एवं आठ कारतूस बरामद करते हुए एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार अपराधी चौरी थाना अंतर्गत कोलडीहरी गांव निवासी पूर्णवासी यादव के पास से एक देसी रायफल, एक कारबाईन तथा तीन कारतूस बरामद किया गया।

# बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड में आदिवासियों के लिए खतरा : हिमंत

**भाषा।** रांची



**असम के** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बांग्लादेश से घुसपैठ पर शनिवार को चिंता व्यक्त करते हुए विशेष रूप से झारखंड में महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा पर इसके प्रभाव को लेकर प्रकाश डाला। एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शर्मा ने दावा किया कि बांग्लादेशी घुसपैठिए अक्सर आदिवासी महिलाओं से शादी करके जमीन हासिल कर लेते हैं और उनके अधिकारों पर कब्जा जमा लेते हैं। उन्होंने कहा, मैंने इसे असम में प्रत्यक्ष रूप से देखा है, जहां की 40 प्रतिशत आबादी बांग्लादेशी घुसपैठियों की है। यह हालात पश्चिम बंगाल की स्थिति को दर्शाते हैं। हमारे भविष्य की सुरक्षा के लिए झारखंड में इसी तरह की स्थिति को रोकना महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त, हमें झारखंड में जबरन धर्मांतरण के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए केंद्र में भाजपा सरकार का चुना जाना आवश्यक है। शर्मा केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा के लिए प्रचार के वास्ते खूंटी संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत तमाड़ पहुंचने वाले थे, लेकिन खराब मौसम के कारण वह कार्यक्रम स्थल तक नहीं पहुंच सके और बाद में अपने मोबाइल फोन के माध्यम से लोगों को संबोधित किया।

## जो अमेठी से नहीं लड़ पाया, वह सरकार बनाने की बात कर रहा

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बहस की चुनौती को तवज्जो नहीं देते हुए शनिवार को कहा कि वह ना तो अपनी पार्टी के अध्यक्ष हैं और ना ही विपक्ष के नेता। भाजपा ने साथ ही मुद्दों पर राहुल गांधी के रुख और ज्ञान पर भी सवाल उठाया। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए गांधी पर उनके इस दावे को लेकर कटाक्ष भी किया कि विपक्षी गठबंधन इंडिया लोकसभा चुनाव जीतेगा।

# जी20 शिखर सम्मेलन का समापन सबसे संतोषजनक क्षण: जयशंकर

**भाषा।** नई दिल्ली



**विदेश मंत्री एस** जयशंकर ने कहा है कि जी20 शिखर सम्मेलन का समापन अगर उनके करियर का सबसे संतोषजनक क्षण था तो पिछले पांच वर्षों के दौरान सबसे महत्वपूर्ण क्षण अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात और जापान जैसे देशों के साथ रिश्तों में भारी बदलाव से जुड़ा था। जयशंकर ने पीटीआई-भाषा को दिए एक विशेष साक्षात्कार में कहा, पिछले दशक के पांच वर्षों में ए रिश्ते वास्तव में जबरदस्त तरीके से बदल गए हैं। और क्वाड का विकास भी कुछ ऐसा ही है, जिसे हमने डेढ़ दशक पहले आजमाया था, लेकिन सफल नहीं हुए, परंतु दूसरी बार ऐसा संभव हुआ। इस बार इसने वास्तव में काम किया। जयशंकर ने लगभग एक घंटे लंबे साक्षात्कार में कई मुद्दों पर बात की। इनमें आगे के 10 वर्षों में दुनिया के बारे में उनका दृष्टिकोण, भारत के सामने आने वाली चुनौतियां और उनकी देखरेख में अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में देश की बढ़ती छवि शामिल है। उन्होंने कहा कि पिछले साल जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करना सिर्फ कड़ी मेहनत नहीं थी, कई मायनों में देश की प्रतिष्ठा इस पर निर्भर थी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नौ सितंबर को नई दिल्ली घोषणा-पत्र को अपनाने का ऐलान किया था, जो भारत की जी20 अध्यक्षता के लिए एक महत्वपूर्ण जीत थी, क्योंकि यह (जीत) यूक्रेन संघर्ष को लेकर बढ़ते तनाव और भिन्न-भिन्न विचारों के बीच प्राप्त हुई थी।घोषणा पर सर्वसम्मति और उसके बाद अपनाने की घोषणा भारत द्वारा यूक्रेन संघर्ष के बारे में जी20 देशों को अवगत कराने के लिए एक नया मसौदा जारी करने के कुछ घंटों बाद आई।

जयशंकर ने कहा,यह हमारे इतिहास में उठाई गई सबसे बड़ी कूटनीतिक जिम्मेदारी थी। हमने जिस तरह से इसे निभाया वह भी बहुत अनोखा था। मैं कूटनीतिक क्षेत्र में लंबे समय से हूं। मैंने विदेश नीति पर ऐसा कोई कार्यक्रम नहीं देखा है, जिससे भारतीय जनता इतनी जुड़ी हो और समाहित हो। जी20 का उल्लेख करने के बाद जयशंकर ने कहा, आपने मुझसे यह नहीं पूछा कि सबसे महत्वपूर्ण क्या था। एक मंत्री के रूप में मेरे कार्यकाल में और (उस) अवधि के दौरान कुछ बहुत ही महत्वपूर्ण रिश्तों में भारी बदलावों से जुड़ा होना सबसे महत्वपूर्ण रहा है। इनमें अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और कुछ हद तक जापान को भी शामिल कर सकते हैं।कूटनीति में लगभग 50 वर्षों के अनुभव वाले सबसे प्रसिद्ध विदेश मंत्रियों में से एक जयशंकर पहले चीन और अमेरिका में राजदूत और उसके बाद भारत के विदेश सचिव रह चुके हैं। उन्होंने विदेश मंत्रालय की छवि घरेलू स्तर पर बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें अपने कार्यों को लोगों द्वारा पहचाने जाने का एहसास है, उन्होंने कहा, मैं निश्चित रूप से देश की विदेश नीति के प्रति बहुत गहरी रुचि देखता हूं।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर जो स्थान बनाया है, उस पर लोगों को बहुत गर्व है।

# सरकार को रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने से कौन रोक रहा है : जयराम रमेश

**भाषा।** नई दिल्ली



**कांग्रेस महासचिव** जयराम रमेश ने शनिवार को सरकार से पूछा कि यौन शोषण के आरोपी जनता दल सेक्युलर (जद-एस) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने से उसे कौन रोक रहा है। सोशल मीडिया पर कई वीडियो और तस्वीरें वायरल होने के बाद कर्नाटक राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष नागलक्ष्मी चौधरी ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को प्रज्वल के खिलाफ यौन आरोपों की जांच का आदेश देने के लिए पत्र लिखा था। इसके तुरंत बाद हासन से 33 वर्षीय सांसद ने कथित तौर पर जर्मनी के लिए उड़ान भरी। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में, रमेश ने सवाल उठाया कि प्रज्वल को भागने की अनुमति कैसे दी गई। कांग्रेस नेता ने पूछा, प्रधानमंत्री को प्रज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने से कौन रोक रहा है? उन्हें विजय माल्या, नीरव मोदी और मेहुल चोकसी की तरह देश से भागने की अनुमति कैसे और क्यों दी गई? जद(एस) के संरक्षक और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल पर कथित तौर पर विभिन्न महिलाओं के साथ उनके कई वीडियो सामने आने के बाद यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है। वह हासन लोकसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार हैं। हासन में 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। जद (एस) ने 2023 में भाजपा के साथ गठबंधन किया था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार को प्रज्वल के खिलाफ बलात्कार का एक और मामला दर्ज किया गया, जिससे कई महिलाओं के कथित यौन शोषण से संबंधित मामलों की संख्या तीन हो गई। विशेष जांच दल (एसआईटी) के सूत्रों के अनुसार, प्रज्वल के खिलाफ बेंगलुरु में आठ मई को प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

(For political parties to publish in the newspapers, soclal imedia platforms & websites of the party,)
Information regarding individuals with pending criminal cases, have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal could not be selected as cnadidates
(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated13.02.2020 of. the Hon'ble Supreme Court in Contempt Petition(C) no. 2192 of2018 in WP(C) no.536 of 2011.)
**Name of Political Party:** INDIAN NATIONAL CONGRESS
**Name of Election :** General Election to Lok Sabha 2024
**Name of State/UT:** NCT of Delhi
**Name of the Constituency :**02- Northeast Delhi FORMAT:CT
**Name of Candidate:** KANHAIYA KUMAR

| Sl No. | | |
|---|---|---|
| 1. | **Nature of offences** | **1. Charge sheet filed under section 124A/143/147/149/323/120 B IPC.** This was a case arising out of the candidate'salleged involvement in an incident relating to.ok allegedly seditious slogans made by students of Jawaharlal Nehru University. In the present case, the Candidate was summoned. as an accused by the Court of Ld. CMM, Patiala House Courts, New Delhi in February 2021.The case was later committed to the court ofLd. AŠJ, Patiala House Court. However, in the meantime, the Hon'ble Supreme Court of India, vide order dated 11.05.2022 in Writ Petition (C) No. 682 of 2021, titled S.G.Vombatkere v Union of India had stayed the operation of trials under section 124A, IPC,which isalso one of the sections that the Candidate was charge sheeted under in the p?esent case by the Investigating Agency.Owing to the said directions of the Hon'bleSupreme Court of India, trial in this matteriitwas stayed pending further directions fromthe Hon'ble Supreme Court of India. Subsequent to the same, vide order12.09.2023, the Hon'ble Supreme Court ofIndia referred the matter in WritPetition (C)No. 682 of 2021, titled S.G. Vombatkere vUnion of India tó a 5-judge ConstitutionalBench and continued the operations ofdirections passed by it vide earlier orderdated 11.05.2022 in the same' matter as aresult of which, the trial in the present caseremains stayed. The next date of hearing inthe matter, as on the date of filing.of this form,is 22.07.2024:<br>**2. Named in FIR No. 856/18 u/s** 143/353/379/504/5061PC registered at PSPhulwari Sh?rif, District Patna.This wasa case aising out of allegedmisconduct by the Candidate with aDoctor-on-Duty at Al India Institute ofMedical Sciences, Patna However, the .Candidate has neither been summoned nor ishe aware of being charge-sheeted as anAccused in the present case..This case hasbeen mentioned asa measure of abundant<br>**3. Named in FIR No. 3412019 u/s 188 ?PCregistered at PS Mansurchak, Districtis tefBegusarai. (Later registered as GR No.1069/2019)** The case arises out of the Candidate'salleged role, in relation to violation of ModelCode of Conduct during the 2019 General-Elections, Case arises out of allegedcampaigning and holding a rally inMansurchak by the Candidate, without theprerequisite permission. A charge-sheet hasbeen filed in the instant case. The next.dateof hearing is 08.05.2024sé sca4. Named in FIR No: 73/2019 uls 188/171H IPC registered at PS Bachchwada, District Begusarai. (Later registered as GR. No.1397/2019) E'S nsutrckak, EAGUCt:The case arises out of the Candidate's alleged role in relation to violation of Model Çode of Conduct during the 2019 GeneralElections, and the usage of vote-seekingposters in public places without permission. A\|charge-sheet has been'fled in the instant case. The last date of hearing was30.04.2024.<br>**5. Summoned in FIR No. 53/2019 (Laterregistered às Trial No. 1613/2020 (GR No.1046/19).** The case is pending before JudicialMagistrate-l, Civil Court, Begusarai, Biharregister?d at PS Bachchwada, DistrictBegusarai u/s 188/171H IPC in relation toviolation of Model Code of Conduct duringElections. The Candidate has beenSummoried to appear before this Cout on thenext date of hearing (02.09.2024).6. Named in FIR No. 55/2024 registered ws 120B/143/147/283/353/332I333/188/427 IPCalong with Section 3of Prevention of Damageto Public Property Act, 1984 registered at PSBasistha, District Kamrup (M). This case arises out of alleged unlawfuldeviation and assault on police personnel byCandidate and co-accUsed INCmembersduring "Bharat Jodo yay Yatra in Guwahati.However, the Candidate has neither beenSummoned nor is he aware of beingcharge-sheeted as an Accused in th? presentcase, As per last information available withthe candidate at the time of.filing this Fom,the case s in investigation phase. This casehas been mentioned as a measure ofabundant caution.<br>**7. Nam?d in FIR No. 214/2018 registered us147149/341/323/307/504/295 \|PC registeredat PS Bhagwanpur, District Begusarai. (Laterregistered as GR No. 4533/2018)** This case arises out of alleged assault byCandidate and associates using lathis oncivilians, obstruction of roads, and attempt tostop Durga Puja ceremony While achargesheet has been flled in the case, butthe Candidate has not charge-sheeted as ariAccused, neither has he been summoned toappear before the Court in the. said matter.Thiscase has been mentioned as aas a measureof abundant caution. |
| b | **Case no.** | **1.** Sessions Case No, 116/2022 (FIR No.0110/2016; PS Vasant Kunj Noth (Investigated by Special Cell, Delhi Police)<br>**2.** FIR No. 856/18: PS Phulwari Sharif, District Patna. The candidate is unaware whether theFIR has been formally registered with a CaseNumber by the Court subsequently.<br>**3.** FIR No. 34/2019; PS Mansurchak, DistrictBegusarai. (Later registered as GR No.1069/2019)<br>**4.** FIR No. 73/2019; PS Bachchwada, DistrictBegusarai. (Later registered as GR No.1397/2019)<br>**5.** FIR No. 53/2019; PS Bachchwada, DistrictBegusarai; Trial No. 1613/2020 (GR No.1046/19), Judicial Magistrate-l, Civil Court,Begusara, Bihar<br>**6.** FIR No. 55/2024; PS Basistha, District-Kamrup (M). Case is in the Investigation phase.<br>**7.** FIR No. 214/2018; PS Bhagwanpur, DistrictBegusarai, (Later registered as GR No.4533/2018) |
| | **Name of the court** | **1.** Kiran Gupta, Additional Sessions Judge 04,Patiala House Courts, New Delhi District, New Delhi.<br>**2.** As per last information available with thecandidate at the time of filing this Form, pending before the Court of Sub-Judge XV,Patna<br>**3.** As per last information available with the candidate at the time of filing this Fom, pending in the Court of Additional CJM-1stClass, Begusarai<br>**4.** As per last information available with the candidate at the time of filing this Form, ipending in the Court of Additional CJM-1stClass, Begu sarai<br>**5.** As per last information available with thecandidate at the time of fling thisom, Judicial Magistrate-1, Civil Court, Begusarai,Bihar<br>**6.** As per last information avalable with the c?ndidate at the time of fling this Form, SDJM (Sadar No. 2), Kamrup (M), DistrictGuwahati<br>**7.** As per last information available with the candidate at the timè of filing this Form, pending in the Court of CJM, Begusarai |
| | **Whether charges have been framed or not (Yes/No)** | 1. No<br>2. No<br>3. No<br>4. No<br>5. No<br>6. No<br>7. No |
| | **Date of conviction, if any** | 1. Not applicable<br>2. Not applicable<br>3. Not applicable<br>4. Not applicable<br>5. Not applicable<br>6. Not applicable<br>7. Not applicable |
| | **Date of punishment undegone, if any** | 1. Not applicable<br>2. Not applicable<br>3. Not applicable<br>4. Not applicable<br>5. Not applicable<br>6. Not applicable<br>7. Not applicable |
| | **Any other information required to be given** | NOT APPLICABLE |
| | **The reasons for theselection.of the candidate. Selection shall be withreference to the** | The candidate has a long-standing record of politicalactivity, He has a Doctorate in Philosöphy in the fieldarea of International Relations and socio-politicalransformation. He has served as elected Presidentqualifications, achievements of Jawaharlal Nehru University Students Union. Theand merit of the candidate, candidate possesses brilliant organizational, politicaand electoral acumen. |
| | **Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words)** | Cases againist at he candidate are political motivated and charges have NOT been framed any of the cases. |

In the case of election to Coùncil of States or States or election to Legislative Council EAs, mention the election concerned in place of the name of Constityency.

# उत्तरी अफगानिस्तान में अचानक आई बाढ़ में 300 से अधिक लोगों की मौत: संयुक्त राष्ट्र

**एपी।** इस्लामाबाद

**अफगानिस्तान में** हुई भारी मौसमी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ के चलते 300 से अधिक लोगों की मौत हो गई और1,000 से अधिक घर नष्ट हो गए। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

विश्व खाद्य कार्यक्रम ने कहा कि वह पिछले कुछ हफ्तों में अफगानिस्तान में आई बाढ़ पीड़ितों को खाद्य सामग्री वितरित कर रहा है। ज्यादातर पीड़ित उत्तरी प्रांत बगलान में हैं, जहां शुक्रवार को बाढ़ आई है।

पड़ोसी तखर प्रांत में, सरकारी स्वामित्व वाले मीडिया संस्थानों ने बाढ़ से कम से कम 20 लोगों की मौत होने की खबर दी है।

तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीउल्ला मुजाहिद ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, इस विनाशकारी बाढ़ में सैकड़ों लोगों की मौत हुई है और काफी संख्या में लोग घायल हुए हैं।



मुजाहिद ने बदख्शां, बगलान, घोर और हेरात प्रांतों को सबसे ज्यादा प्रभावित बताया। उन्होंने कहा कि व्यापक तबाही के परिणामस्वरूप काफी वित्तीय नुकसान हुआ है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने लोगों को बचाने, घायलों को उपचार के लिए ले जाने और शवों को निकालने के लिए सभी उपलब्ध संसाधन जुटाने का आदेश दिया है।

तालिबान के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि देश की वायुसेना ने पहले ही बगलान में लोगों को निकालना शुरू कर दिया है और बड़ी संख्या में बाढ़ प्रभावित इलाकों में फंसे लोगों को बचाया है और 100 घायलों को क्षेत्र के सैन्य अस्पतालों में पहुंचाया है।

# भारत से मिले विमानन मंचों के संचालन के लिए असैन्य कर्मियों की तैनाती: मालदीव

**भाषा।** माले

**मालदीव के** विदेश मंत्री मूसा जमीर ने शनिवार को कहा कि देश में 76 भारतीय सैन्यकर्मियों की जगह हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के असैन्य कर्मचारियों ने ले ली है। एचएएल ने भारत द्वारा उपहार में दिए गए हेलीकॉप्टरों का निर्माण किया था। इस प्रकार स्वदेश लौटने वालों की सटीक संख्या पर संशय भी समाप्त हो गया।

नई दिल्ली में फरवरी में दोनों देशों के बीच एक समझौते के बाद निर्धारित 10 मई की समयसीमा के अनुसार, मालदीव में हेलीकॉप्टरों और डोर्नियर विमान के दो मंचों के संचालन के लिए तैनात भारतीय सैन्यकर्मियों को शुक्रवार तक वापस भेज दिया गया था।

यह समझौता चीन समर्थक राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की नवंबर में उनके पदभार संभालने के कुछ घंटों के भीतर की गई मांग का परिणाम था।

स्थानीय मीडिया की खबरों में जमीर के भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा से लौटने के एक दिन बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किए जाने का संदर्भ दिया गया जिसमें हनीमाधू, कधधू और गान में तैनात भारतीय सैनिकों की उपस्थिति का ब्योरा दिया गया था।

इस बीच, एक समाचार पोर्टल की खबर में जमीर को उद्धृत करते हुए कहा गया, सात मार्च से नौ मार्च के बीच गान से 26 सैनिक हटाए गए, जबकि सात अप्रैल से नौ अप्रैल के बीच हनीमाधू से 25 अन्य सैनिक हटाए गए और मंगलवार को 12 सैनिक कधधू से हटाए गए। 13 जवानों का अंतिम जत्था बृहस्पतिवार को कधधू से स्वदेश वापस चला गया।

मालदीव सरकार ने पूर्व में कहा था कि दस्तावेजों से पता चलता है कि मालदीव में दो सैन्य हेलीकॉप्टर और एक डोर्नियर विमान संचालित करने के लिए 89 भारतीय सैनिक हैं।

जमीर ने कहा कि भारत द्वारा उपहार में दिए गए हेलीकॉप्टरों का निर्माण करने वाली हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के असैन्य कर्मचारी भारतीय सैन्यकर्मियों की जगह लेने आए हैं।

# पाक राष्ट्रपति जरदारी को भ्रष्टाचार के दो मामलों में छूट मिली

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान के** राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को शनिवार को कथित भ्रष्टाचार के दो मामलों में राष्ट्र प्रमुख के रूप में अभियोजन से छूट मिल गई। राष्ट्रीय भ्रष्टाचार रोधी निगरानी संस्था राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) द्वारा उनके खिलाफ पार्क लेन और तोशाखाना मामले दर्ज किए गए थे। इस्लामाबाद स्थित जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश नासिर जावेद राणा मामलों की सुनवाई कर रहे थे। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार 68 वर्षीय जरदारी ने दो मामलों में छूट अनुरोध किया था। न्यायाधीश ने राष्ट्रपति की याचिका पर एक लिखित निर्णय जारी किया और उनके खिलाफ सभी कार्यवाही रोक दी। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सह-अध्यक्ष जरदारी को मार्च में पांच साल के लिए पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति के रूप में चुना गया था।

न्यायाधीश ने कहा कि राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 248 (2) के तहत छूट की मांग की, जिसके बाद याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया जा सकता या कार्वाई नहीं की जा सकती।

लिखित आदेश के अनुसार, अभियोजन पक्ष ने राष्ट्रपति की याचिका पर कोई आपत्ति नहीं जताई, इसलिए इसे मंजूरी दे दी गई और पाकिस्तान के राष्ट्रपति के रूप में जरदारी के कार्यकाल के अंत तक मामले की कार्यवाही रोक दी गई।

पार्क लेन मामले में जरदारी पर 2008 से 2013 तक अपने पहले कार्यकाल के दौरान राष्ट्रपति के रूप में संबंधित अधिकारियों को प्रभावित करने और कथित तौर पर अपनी प्रमुख कंपनियों के लिए ऋण प्राप्त करने और कथित तौर पर देश को 3.77 अरब रुपए का नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया था। तोशाखाना मामला जरदारी द्वारा सरकारी खजाने से वाहन खरीदने के बारे में था, जहां अन्य देशों द्वारा पाकिस्तानी नेताओं को उपहार में दी गई सभी महंगी वस्तुएं जमा की जाती हैं। हालांकि, जिन नेताओं को वे उपहार दिए जाते हैं, वे कुछ शर्तों के तहत तोशाखाना से उसे खरीद सकते हैं।

# रूस ने उत्तर-पूर्वी यूक्रेन के पांच गांवों पर नियंत्रण का दावा किया

**एपी।** कीव

**रूस के** रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को दावा किया कि रूसी बलों ने उत्तर-पूर्वी यूक्रेन के पांच गांवों पर नियंत्रण हासिल कर लिया है। यूक्रेन के पत्रकारों ने शुक्रवार को बताया कि रूसी सैनिकों ने बोरिसिव्का, ओहिरत्सेव, पिल्ना और स्ट्राइलेचा गांवों पर कब्जा कर लिया है और ए सभी गांव यूक्रेन के खार्किव क्षेत्र में स्थित हैं।

रूसी अधिकारियों ने यह भी दावा किया कि उन्होंने प्रांत पर किए गए हालिया हमले में एक अन्य गांव प्लेटेनिव्का पर भी कब्जा कर लिया है। यूक्रेन के अधिकारियों ने कहा कि रूसी बलों के हमले के कारण 1,700 से अधिक आम लोगों को क्षेत्र से निकलना पड़ा।

खार्किव के गवर्नर ओलेह एस. ने कहा कि हवाई हमलों और बमबारी में 30 से अधिक विभिन्न कस्बों और गांवों को निशाना बनाया गया, जिसमें कम से कम तीन लोग मारे गए और पांच घायल हो गए।

# डार अगले सप्ताह चीन की यात्रा करेंगे

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान के** नवनियुक्त उपप्रधानमंत्री इशाक डार 13 मई को चीन की तीन-दिवसीय सरकारी यात्रा पर जाएंगे।

इस यात्रा के दौरान वह शीर्ष चीनी नेताओं के साथ भेंटवार्ता करेंगे तथा अरबों डॉलर की चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजना के उन्नयन समेत द्विपक्षीय संबंधों की समग्र समीक्षा करेंगे। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि इस मंत्रालय के भी प्रभारी डार अपने चीनी समकक्ष वांग ई के साथ पांचवीं पाकिस्तान-चीन विदेश मंत्री रणनीतिक वार्ता की सह-अध्यक्षता करेंगे।

# सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान की पाकिस्तान यात्रा स्थगित

**भाषा।** इस्लामाबाद

**सऊदी अरब** के युवराज (क्राउन प्रिंस) मुहम्मद बिन सलमान की बहुप्रतीक्षित पाकिस्तान यात्रा अज्ञात कारणों से स्थगित कर दी गई है। एक खबर में शनिवार को यह जानकारी दी गई।

जियो न्यूज की खबर के अनुसार, पहले उम्मीद थी कि वे 19 मई को दो दिवसीय दौरे पर इस्लामाबाद पहुंचेंगे।

सऊदी अरब के युवराज की यात्रा पर टिप्पणी करते हुए, विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि इस्लामाबाद और रियाद के बीच एक कार्यक्रम तैयार होते ही यात्रा का विवरण सार्वजनिक किया जाएगा।

बलूच ने भरोसा जताया कि यात्रा जल्द ही होगी और निश्चित रूप से मूल्यवान होगी, क्योंकि पाकिस्तान के लोग सऊदी अरब के नेता का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं।

मार्च में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सऊदी अरब की यात्रा के बाद पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हाल ही में राजनयिक और व्यापार-संबंधी वार्ता के बाद यह उच्चस्तरीय यात्रा होने की संभावना थी।

सऊदी अरब के युवराज की यात्रा अब विलंबित हो गई है। उनकी यात्रा नकदी की कमी से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए बहुत महत्व रखती है। पाकिस्तान विभिन्न क्षेत्रों में सऊदी अरब से बड़ा निवेश आने की उम्मीद लगाए है। मोहम्मद बिन सलमान की पांच साल में यह पहली पाकिस्तान यात्रा होगी। पिछली बार उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के शासनकाल के दौरान फरवरी 2019 में पाकिस्तान का दौरा किया था।

वह क्षेत्र की अपनी यात्रा के तहत 2022 में पाकिस्तान आने वाले थे, लेकिन अंतिम समय में यात्रा रद्द कर दी गई थी।

पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच मजबूत व्यापार, रक्षा और सांस्कृतिक संबंध हैं। सऊदी अरब में 27 लाख से अधिक पाकिस्तानी प्रवासी रहते हैं।

# पूर्वी कांगो में विस्थापितों के शिविरों पर बमबारी में अब तक 35 लोगों की मौत

**एपी।** गोमा (कांगो)

**पूर्वी कांगो** में विस्थापितों के दो शिविरों पर पिछले सप्ताह हुई बमबारी में मरने वालों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर लगभग 35 हो गई, जबकि दो लोगों की हालत बेहद गंभीर है।

एक स्थानीय अधिकारी ने यह जानकारी दी। उत्तर किवु राज्य में शिविरों पर हमले हुए थे। स्थानीय नेता एरिक बवानापुवा ने शुक्रवार को एक साक्षात्कार में मृतकों की संख्या के बारे में जानकारी दी।

पूर्वी कांगो के मुगुंगा और लैक वर्ट शिविरों पर बमबारी के लिए कांगो की सेना और विद्रोही समूह एम23 एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।


ੴ ਸ੍ਰੀ ਵਾਹਿਗੁਰੂ ਜੀ ਕੀ ਫ਼ਤਹਿ

**पंजाब एण्ड सिंध बैंक** (भारत सरकार का उपक्रम)
**Punjab & Sind Bank** (A Govt. of India Undertaking)
Where Service is a way of life

आंचलिक कार्यालय: गुरूग्राम
इंस्टीट्यूशनल प्लॉट नं.– 151, सेक्टर–44,
गुरूग्राम–122003 फोन– 0124–4843537

**ई–नीलामी**
(केवल ई–नीलामी द्वारा बिक्री)

**बिक्री सूचना (केवल ई-नीलामी द्वारा बिक्री)**

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित के प्रवर्तन (SARFAESI) अधिनियम, 2002 (2002 का नं. 54) के तहत बैंक को बंधाक रखी गई अचल संपत्तियों की बिक्री। जबकि, पंजाब एंड सिंध बैंक के प्राधिकृत अधिकारियों ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत जारी नोटिस के अनुसार निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों पर कब्जा ले लिया है। हमारी शाखा के निम्नलिखित ऋण खाते/खातों में बैंक के बकाया की वसूली के लिए उसे ''जैसा है जहां है आधार'' और ''जैसा है जो है'' के आधार पर बेचने का अधिकार है। बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट: https://www.bankeauctions.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी।

**प्रतिभूति आस्तियों की बिक्री की अनुसूची**

| क्र. सं. | कर्जदार/बैंक शाखा का नाम | मांग सूचना की तिथि और नीचे वर्णित बकाया राशि | सम्पत्ति का विवरण बंधककर्ता का नाम सहित (सम्पत्ति का मालिक) | कब्जे की स्थिति (भौतिक या सांकेतिक) | आरक्षित मूल्य/ ईएमडी/बोली वृद्धि राशि | ईएमडी जमा खाता विवरण (आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से जमा) | सम्पत्ति का निरीक्षण की तिथि एवं समय | ईएमडी की अंतिम तिथि एवं ई-नीलामी तिथि | प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं सम्पर्क नं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उष्मा और संजय कुमार सेक्टर 31 गुरुग्राम | 02.08.2023 रु.6216148.68 | अचल संपत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि मकान नं. 670/28, क्षेत्रफल 100 वर्ग गज, खसरा नं. 882 गली नं. 13 न्यू ज्योति पार्क, गुरुग्राम | भौतिक | रु.7350000.00 रु.735000.00 रु.73500.00 | खाता नं.80235040070003 आईएफएससी कोड- PSIB0008023 SUNDRY CR- FUNDS/ASSETS | 22.05.2024 पूर्वा 10.00 बजे से अर्पा. 04.00 बजे | 28.05.2024/ 29.05.2024/ पूर्वा 11.00 बजे से पूर्वा 11.30 बजे | श्री अतुल कुमार (मुख्य प्रबंधक) मोबाइल नं. 8607925026 G1509@psb.co.in |
| 2. | उष्मा, संजय कुमार और आरपीएम एयरकॉन सेक्टर 31 गुरुग्राम | 02.08.2023 रु.5752457.00 | अचल संपत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि मकान नं. 675/28, क्षेत्रफल 100 वर्ग गज, गली नं.13 ज्योति पार्क, गुरुग्राम | सांकेतिक | रु.7200000.00 रु.720000.00 रु.72000.00 | खाता नं.80235040070003 आईएफएससी कोड- PSIB0008023 SUNDRY CR- FUNDS/ASSETS | 22.05.2024 पूर्वा 10.00 बजे से अर्पा. 04.00 बजे | 28.05.2024/ 29.05.2024/ पूर्वा 11.30 बजे से दोपहर 12.00 बजे | श्री अतुल कुमार (मुख्य प्रबंधक) मोबाइल नं. 8607925026 G1509@psb.co.in |
| 3. | सुनीता शर्मा और सुभाष चंद्र शर्मा सेक्टर 31 गुरुग्राम | 01.06.2023 रु.1917561.36 | अचल संपत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि मकान नं. 263, क्षेत्रफल 50 वर्ग गज, खसरा नं.8/7, 26,15/19,17/4/2,123,1234,316,31 7, गली नंबर 6, सूरत नगर-2, गांव-धनवापुर, तहसील कादीपुर, भारत कम्युनिकेशन के पास, गुड़गांव में स्थित | सांकेतिक | रु.2850000.00 रु.285000.00 रु.28500.00 | खाता नं.80235040070003 आईएफएससी कोड- PSIB0008023 SUNDRY CR- FUNDS/ASSETS | 22.05.2024 पूर्वा 10.00 बजे से अर्पा. 04.00 बजे | 28.05.2024/ 29 05 2024/ दोपहर 12.00 बजे से दोपहर 12.30 बजे | श्री अतुल कुमार (मुख्य प्रबंधक) मोबाइल नं. 8607925026 G1509@psb.co.in |
| 4. | पद्मा बिस्ता सहगल और भारत दीप सहगल गुरुद्वारा रोड गुरुग्राम | 04/02/2023 रु.3143739.49 | संपत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि निर्मित द्वितीय तल बिना छत के अधिकार के, निर्मित सम्पत्ति नं. 68, 69 और 70 में से, क्षेत्रफल 100 वर्ग गज, खसरा नं. 78/14 में से, गाँव हस्तसाल के क्षेत्र में, कॉलोनी जिसे अब ओम विहार एक्सटेंशन फेज़-3 उत्तम नगर, नई दिल्ली में स्थित | सांकेतिक | रु.3400000.00/ रु.340000.00/ रु.34000.00/ | खाता नं.80235040070003 आईएफएससी कोड- PSIB0008023 SUNDRY CR- FUNDS/ASSETS | 22.05.2024 पूर्वा 10.00 बजे से अर्पा. 04.00 बजे | 28.05.2024/ 29 05 2024/ दोपहर 12.30 बजे से अर्पा. 01.00 बजे | श्री अतुल कुमार (मुख्य प्रबंधक) मोबाइल नं. 8607925026 G1509@psb.co.in |
| 5. | गुलशन कुमार और गीता रानी | 03/03/2023 रु.734952.00 | अचल संपत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि मकान नंबर 273 ए, खसरा नंबर 814-15 कृष्णा कॉलोनी गुड़गांव, हरियाणा-122001 | सांकेतिक | रु.4000000.00/ रु.400000.00/ रु.40000.00/ | खाता नं.80235040070003 आईएफएससी कोड- PSIB0008023 SUNDRY CR- FUNDS/ASSETS | 22.05.2024 पूर्वा 10.00 बजे से अर्पा. 04.00 बजे | 28.05.2024/ 29.05.2024/ अर्पा. 01.00 बजे से अर्पा. 01.30 बजे | श्री अतुल कुमार (मुख्य प्रबंधक) मोबाइल नं. 8607925026 G1509@psb.co.in |
| 6. | जवाहर सिंह नंबर 5 एनआईटी फरीदाबाद | 08.05.2023 रु.641362.79 | बंधक संपत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि प्लॉट नं. 183 का हिस्सा, क्षेत्रफल 51 वर्ग गज, रेक्ट नंबर-14/10/2 में शामिल, मौजा गौंछी, तहसील-बल्लभगढ़, जिला-फरीदाबाद | सांकेतिक | रु.1900000.00 रु.190000.00 रु.19000.00 | खाता नं.80235040070003 आईएफएससी कोड- PSIB0008023 SUNDRY CR- FUNDS/ASSETS | 22.05.2024 पूर्वा 10.00 बजे से अर्पा. 04.00 बजे | 28.05.2024/ 29.05.2024/ पूर्वा. 10.00 बजे से पूर्वा. 10.30 बजे | श्री रोहित बसवाला (मुख्य प्रबंधक); मोबाइल-9910975407 ईमेल आईडीः rohit.baswala@psb.co.in |
| 7. | ललिता सहगल और मैसर्स प्रज्ञा ब्यूटी पार्लर अजरौंदा फरीदाबाद | 07.12.2018 रु.4503677.00 | सामने की ओर पहली मंजिल, निर्मित संपत्ति नं. ए-20, बिना छत/टैरेस के अधिकार के, क्षेत्रफल 75 वर्ग गज स्टिल्ट पर सामान्य पार्किंग क्षेत्र में एक कार पार्किंग स्थान के साथ, खसरा नं. 945, 946, 956 से 960 तक, गांव नवादा के क्षेत्र में, कॉलोनी जिसे अब ओम विहार कहते है, ए-ब्लॉक, नजफगढ़ रोड पर उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059 में स्थित | भौतिक | रु.3000000.00 रु.300000.00 रु.30000.00 | खाता नं.80235040070003 आईएफएससी कोड- PSIB0008023 SUNDRY CR- FUNDS/ASSETS | 22.05.2024 पूर्वा 10.00 बजे से अर्पा. 04.00 बजे | 28.05.2024/ 29.05.2024/ पूर्वा. 10.00 बजे से पूर्वा. 10.30 बजे | श्रीमती सुमन शर्मा (मुख्य प्रबंधक) मोबाइलः 9899748099 ईमेलः A0121@psb.co.in |
| 8. | शामू और बीना/ सेक्टर 31,/गुरुग्राम | 22.06.2022/ रु.15,76,965.17 | अचल संपत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि मकान नं. 72, क्षेत्रफल 58 वर्ग गज, जिसमें खसरा नं. 88,278,179 शामिल, सूरत नगर, गुड़गांव के एमसी क्षेत्र के अंतर्गत | सांकेतिक | रु. 3100000.00 रु. 310000.00 रु. 31000.00 | खाता नं.80235040070003 आईएफएससी कोड- PSIB0008023 SUNDRY CR- FUNDS/ASSETS | 22.05.2024 पूर्वा 10.00 बजे से अर्पा. 04.00 बजे | 28.05.2024/ 29 05 2024/ पूर्वा. 10.00 बजे से पूर्वा. 10.30 बजे | श्री अतुल कुमार (मुख्य प्रबंधक) मोबाइल नं. 8607925026 G1509@psb.co.in |
| 9. | श्री राजन कुमार/ मानेसर | 15.06.2023/ रु.1549338.04 | रिहायशी मकान नं. 890/29, खसरा नं. 4669/4096/308 का हिस्सा, गली नं. 17, धानुका फैक्ट्री के पास, सूरत नगर फेज-1, गुड़गांव | सांकेतिक | रु.3500000.00 रु.350000.00 रु.35000.00 | खाता नं.80235040070003 आईएफएससी कोड- PSIB0008023 SUNDRY CR- FUNDS/ASSETS | 22.05.2024 पूर्वा 10.00 बजे से अर्पा. 04.00 बजे | 28.05.2024/ 29.05.2024/ पूर्वा. 10.30 बजे से पूर्वा. 11.00 बजे | श्री अतुल कुमार (मुख्य प्रबंधक) मोबाइल नं. 8607925026 G1509@psb.co.in |

**नियम एवं शर्तें:–**
1. ई–नीलामी ''जैसा है जहां है के आधार पर'' और ''जैसा है जो है'' के आधार पर आयोजित की जा रही है।
2. नीलामी बिक्री/बोली केवल ''ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मोड'' के माध्यम से बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता मैसर्स सी1 इंडिया प्रा. लि. (टेली–+91–124–4302020/21, 7291981124/1125/1126, मो. +91–9813887931, ईमेलः delhi@c1india.com वेब पोर्टल https://www.bankeauctions.com के माध्यम से की जाएगी। ई–नीलामी निविदा दस्तावेज़ जिसमें ऑनलाइन ई–नीलामी बोली फॉर्म, घोषणा, ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम और शर्तें शामिल हैं, पोर्टल साइट पर उपलब्ध हैं। इस नोटिस को नियम 8 (6) सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के तहत उधारकर्ताओं और गारंटरों को बिक्री नोटिस के रूप में भी माना जाना चाहिए।
3. ई–नीलामी विज्ञापन बैंक की किसी प्रतिबद्धता या किसी प्रतिनिधित्व का गठन नहीं करता है और न ही इसे माना जाएगा। संपत्ति बैंक को ज्ञात या अज्ञात सभी मौजूदा और भविष्य की बाधाओं के साथ बेची जा रही है। प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार किसी भी तरह से किसी भी तीसरे पक्ष के दावे/अधिकार/देय के लिए संभव नहीं होगा। हालाँकि, इच्छुक बोलीदाता को नीलामी में रखी गई संपत्तियों के मालिकाना हक, देनदारियों और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकाया के संबंध में अपनी स्वतंत्र पूछताछ करनी होगी।
4. सफल बोलीदाता को पहले से जमा की गई अग्रिम राशि सहित बोली राशि का 25% तुरंत जमा करना होगा। बोली राशि की शेष 75% राशि बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा की जाएगी।
5. बिन्दू सं. 4 में उल्लिखित समय सीमा के भीतर बोली राशि का 25% एवं निर्धारित राशि का शेष 75% जमा करने में चूक होने की स्थिति में, पहले से जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी और सुरक्षित संपत्ति को फिर से बेच दिया जाएगा।
6. आयकर नियम के अनुसार, सफल नीलामी क्रेता द्वारा, जहां भी लागू हो, नीलामी मूल्य के 1% की दर से टीडीएस देय है। बिक्री वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत निर्धारित नियमों/शर्तों के अधीन होगी।
ई–नीलामी के अन्य नियम और शर्तें वेबसाइट– 1. https://www.bankeauctions.com, 2. https://punjabandsindbank.co.in पर प्रकाशित हैं।

तिथि : 12.05.2024 स्थान : गुड़गाँव प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब एण्ड सिंध बैंक

# वर्षा बाधित मैच में मुंबई की अनुशासित गेंदबाजी

**● केकेआर ने बनाए सात विकेट पर 157 रन**

**भाषा।** कोलकाता



**मुंबई इंडियंस** की अनुशासित गेंदबाजी के सामने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने शनिवार को यहां बारिश से प्रभावित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में वेंकटेश अय्यर की 21 गेंद में 42 रन के बावजूद सात विकेट पर 157 रन ही बना सकी। बारिश के कारण मैच एक घंटा 45 मिनट की देरी से शुरू हुआ और इसे 16-16 ओवर का कर दिया गया जिसके बाद मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। वेंकटेश अय्यर ने हैमस्ट्रिंग से जूझते हुए केकेआर को सत्र की सबसे खराब शुरुआत से उबारा। बाएं हाथ के बल्लेबाज की पारी का मुख्य आकर्षण उनका जसप्रीत बुमराह की गेंदों पर जवाबी हमला करने का तरीका था जिन पर उन्होंने एक छक्का और दो चौके जड़े। ऊंगली की चोट के कारण 11 मैच नहीं खेलने वाले उप कप्तान नितीश राणा (23 गेंद में 33 रन) ने रन आउट होने से पहले अय्यर के साथ 24 गेंद में 37 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी बनाई। लेकिन मुंबई ने लेग स्पिनर पीयूष चावला की मदद से वापसी की, जिन्होंने अपने तीन ओवरों में 38 रन देकर दो विकेट झटके। उन्होंने वेकेंटेश अय्यर और आंद्रे रसेल (14 गेंद, 24 रन, दो चौके, दो छक्के) के दो महत्वपूर्ण विकेट लिए। रसेल आक्रामक मूड में दिख रहे थे जिससे केकेआर की टीम कुछ अतिरिक्त रन जुटाने से वंचित रह गई। बुमराह (चार ओवर में 39 रन पर दो विकेट) ने रिंकू सिंह (12 गेंद में 20 रन) पर आउट करके अपने शानदार स्पैल का अंत किया। शहर में लगातार बारिश के कारण तीन दिनों तक पिच कवर से ढकी रही। केकेआर ने सत्र की सबसे खराब शुरुआत की और अपने दोनों सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट (06) और सुनील नरेन (0) के विकेट सात गेंद के अंदर गंवा दिए। साल्ट ने नुवान तुषारा पर पारी की पहली ही गेंद पर छक्का जड़ दिया लेकिन पांचवीं गेंद पर आउट हो गए। ओवर की अंतिम गेंद पर वेंकटेश अय्यर ने चौका जड़ा। सुनील नारायण (शून्य) खाता भी नहीं खोल सके और दूसरे ओवर की पहली गेंद पर जसप्रीत बुमराह का शिकार हुए। बुमराह की इनस्विंग यार्कर ने उनके ऑफ स्टंप उखाड़ दिए। पांचवें ओवर में कप्तान श्रेयस अय्यर (07) कम्बोज की गेंद पर बोल्ड हुए जिससे स्कोर तीन विकेट पर 40 रन हो गया। इस तरह पावरप्ले में केकेआर ने तीन विकेट गंवा दिए। वेंकटेश अय्यर ने स्क्वायर लेग से फेंके गए थ्रो से चोट लगने के बाद कुछ उपचार के बाद मुंबई के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज पर आक्रमण कर एक छक्का और एक चौका लगाकर इस ओवर में 15 रन जुटाए। उनकी पारी ने सुनिश्चित किया कि केकेआर ने पावरप्ले में तीन विकेट पर 45 रन बनाए। बारिश के कारण पावरप्ले पांच ओवर का कर दिया गया था। चावला ने पहली गेंद पर उनका विकेट लिया लेकिन फिर रसेल ने लय बरकरार रखी।

**स्कोरबोर्ड**

**कोलकाता नाइट राइडर्स** : सॉल्ट का कम्बोज बो तुषारा 06, नारायण बो बुमराह 00, अय्यर का यादव बो चावला 42, अय्यर बो कम्बोज 07, राणा रन आउट 33, रसेल का कम्बोज बो चावला 24, रिंकू का विशन बो बुमराह 20, रमनदीप नाबाद 17, स्टार्क नाबाद 02, **अतिरिक्त** : 06, **कुल** : 16 ओवर में सात विकेट पर 157 रन, **विकेट पतन** : 1-6, 2-10, 3-40, 4-77, 5-116, 6-125, 7-148, **गेंदबाजी** : तुषारा 3-0-31-1, बुमराह 4-0-39-2, अंशुल 3-0-24-1, पंड्या 3-0-32-0, चावला 3-0-28-2

# रणजी ट्रॉफी 2024-25 सत्र में दो हिस्सों में खेले जाने की संभावना

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) रणजी ट्रॉफी के आयोजन को दो हिस्सों में बांटने पर विचार कर रहा है जिसके मुताबिक इसका आयोजन 2024-25 सत्र में सफेद गेंद वाले टूर्नामेंटों सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (टी20) और विजय हजारे ट्रॉफी (50 ओवर) से पहले और फिर इन टूर्नामेंट के बाद में होगा। यह पता चला है कि 2024-25 सत्र के लिए घरेलू क्रिकेट कैलेंडर के पुनर्गठन का एक मसौदा प्रस्ताव बोर्ड की शीर्ष परिषद को भेजा गया है। यह प्रस्ताव बीसीसीआई सचिव जय शाह, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर, मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण के परामर्श के बाद बनाया गया है। इसमें एक अन्य प्रस्ताव सीके नायडू ट्रॉफी के लिए टॉस को खत्म करने का है जिसका आयोजन एक नई अंक प्रणाली के साथ किया जाएगा। रणजी ट्रॉफी के नए प्रस्तावित प्रारूप अनुसार लीग चरण के पांचों के आयोजन के बाद सफेद गेंद के टूर्नामेंट (सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी) होंगे। शेष दो रणजी लीग मैच और नॉकआउट चरण के मुकाबले सीमित ओवरों के टूर्नामेंट के बाद आयोजित किए जाएंगे। इसका मकसद सर्दियों के महीनों में देश के उत्तरी हिस्से में खराब मौसम से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के साथ-साथ मैचों के बीच अंतराल सुनिश्चित करना है। बीसीसीआई ने इस तथ्य को भी ध्यान में रखा है कि पिछले सत्र की रणजी ट्रॉफी के दौरान दो मैचों के बीच सिर्फ तीन दिन का अंतराल था। इसमें यात्रा भी शामिल थी।

### धीमी ओवरगति के लिए गुजरात टाइटंस के कप्तान गिल पर 24 लाख जुर्माना

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिए 24 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया है। यह टीम का इस सत्र में धीमी ओवरगति का दूसरा अपराध था। इसके लिए हर खिलाड़ी पर छह लाख रुपए या मैच फीस के 25 प्रतिशत में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया है। गुजरात ने शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स को 35 रन से हराकर प्लेऑफ की उम्मीदें कायम रखी है। गुजरात इस समय 12 मैचों में 10 अंक लेकर आठवें स्थान पर है जबकि चेन्नई 12 अंक के साथ चौथे स्थान पर है।

### रमित टंडन विश्व स्क्वाश चैंपियनशिप के दूसरे दौर में

**नई दिल्ली।** भारत के रमित टंडन ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के फराज खान को हराकर काहिरा में चल रही विश्व स्क्वाश चैंपियनशिप के दूसरे दौर में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 36वें नंबर के खिलाड़ी और इस टूर्नामेंट में सीधा प्रवेश पाने वाले टंडन ने विश्व में 57वें नंबर के अमेरिकी खिलाड़ी को केवल 13 मिनट में 11-1, 11-3, 11-3 से करारी शिकस्त दी।

### दबाव में शांतचित्त होकर खेलने वाले सुदर्शन ने जीता स्मिथ और मूडी का दिल

**अहमदाबाद।** चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आक्रमक शतक लगाकर गुजरात टाइटंस की जीत के सूत्रधार रहे बी साई सुदर्शन ने ग्रीम स्मिथ और टॉम मूडी जैसे धुरंधरों को प्रभावित किया है। तीसरे नंबर पर उतरने वाले सुदर्शन का शुक्रवार तक स्ट्राइक रेट 131.67 था लेकिन चेन्नई के खिलाफ पारी की शुरूआत करते हुए उन्होने 201.96 की स्ट्राइक रेट से 51 गेंद में 103 रन बनाए। सुदर्शन इस सत्र में गुजरात के लिए सबसे ज्यादा रन बना चुका है। सबसे तेजी से आईपीएल में 1000 रन पूरे किए है। उसके बारे में और बात होनी चाहिए।

### मजबूत तकनीकी अभ्यास से भारत को ओलंपिक में अच्छे नतीजे मिलेंगे : किम

**नई दिल्ली।** मशहूर तीरंदाजी कोच और मेंटोर किम ह्युंग ताक का मानना है कि हाल ही में विश्व कप में ऐतिहासिक स्वर्ण जीतने वाले भारतीय तीरंदाजों को मजबूत तकनीकी अभ्यास का फायदा ओलंपिक में मिलेगा जहां वे स्वर्ण पदक जीत सकते है। अभी तक तीरंदाजी में भारत के लिए एकमात्र ओलंपिक कोटा धीरज बोम्मादेवरा ने जीता है। किम ने सोनीपत में भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में कोचों के सेमिनार के संचालन के बाद कहा, भारतीय रिकर्व टीम ने काफी दमदार तकनीकी अभ्यास किया है। इससे उन्हे ओलंपिक में अच्छे नतीजे मिलने में मदद मिलेगी।

### प्राणवी सीरीज में संयुक्त 14वें स्थान पर, दीक्षा ने की अच्छी वापसी

**सियोल।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर शनिवार को यहां अरामको टीम सीरीज कोरिया मे पहले दिन के खराब प्रदर्शन से उबरने मे सफल रही जबकि हमवतन प्रणवी उर्स और वाणी कपूर अपना दूसरा दौर पूरा करने मे सफल रही।प्रणवी (69-77) ने पांच ओवर 77 का स्कोर किया। दो दौर के बाद वह दो ओवर के स्कोर के साथ तालिका में संयुक्त 14वें स्थान पर है। वाणी (77-74) कुल सात ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 55वे पायदान पर है और उनका कट मे जगह बनाना अधर मे है। अपना 100वां एलईटी प्रतियोगिता मे खेल रही दीक्षा ने पहले दौर में 79 का निराशाजनक स्कोर किया था। दूसरे दौर में खेल रोके जाने तक उन्होने 10 होल मे एक अंडर का स्कोर किया था। वह अभी संयुक्त रूप से 50वें स्थान पर है।

### अदिति ने फाउंडर्स कप में कट हासिल किया

**क्लिफ्टन (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने कॉग्निजेंट फाउंडर्स कप के दूसरे दौर में तीन अंडर 69 के कार्ड के साथ आसानी से कट हासिल कर लिया।अदिति ने पहले दिन दो बर्डी, तीन बोगी और एक डबल बोगी के साथ तीन ओवर 75 का निराशाजनक स्कोर किया।उन्होंने ने हालांकि दूसरे दौर में तीन बर्डी के बूते 69 के स्कोर के साथ शानदार वापसी की।दो दौर के बाद इवन पार स्कोर के साथ वह संयुक्त 48वें स्थान पर है। कट एक ओवर का रहा।

# आरसीबी के लिए दिल्ली के खिलाफ करो या मरो का मुकाबला



**भाषा।** बेंगलुरू

**लगातार चार** मैच जीतकर प्लेआफ की दौड़ में बनी हुई रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को अपना दावा बनाए रखने के लिए रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हर हालत में हराना होगा जबकि दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत निलंबन के कारण इस मैच से बाहर रहेंगे। पंत को इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में तीन बार धीमी ओवर गति के कारण एक मैच का निलंबन झेलना पड़ा है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सात मई को दिल्ली कैपिटल्स की 20 रन की जीत के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए पंत पर 30 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया था।पंत की गैर मौजूदगी से आरसीबी को फायदा मिलेगा जबकि दिल्ली के लिए यह बड़ा झटका है। आरसीबी ने गुजरात टाइटंस को दो बार हराने के अलावा पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद को हराया है। गुजरात और पंजाब से आरसीबी को कोई चुनौती नहीं मिली और सनराइजर्स को उसने करीबी मुकाबले में हराया। दूसरी ओर दिल्ली के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। ऋषभ पंत की कप्तानी वाली टीम ने 27 अप्रैल को मुंबई इंडियंस पर दस रन से मिली जीत में चार विकेट पर 257 रन बनाए थे तो 29 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ नौ विकेट पर 153 रन ही बना सकी। आरसीबी 12 मैचों में 10 अंक लेकर सातवें स्थान पर है और अब हारने से उसके लिए रास्ते बंद हो जाएंगे। लगातार चार जीत और विराट कोहली के जबर्दस्त फॉर्म के दम पर उसके हौसले बुलंद है। कोहली ने इस सत्र में सर्वाधिक 634 रन बना लिए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 153 का रहा है। कोहली के अलावा कप्तान फाफ डु प्लेसी, रजत पाटीदार, कैमरन ग्रीन और दिनेश कार्तिक ने भी अच्छी पारियां खेली हैं। गेंदबाजों ने भी शुरूआती मैचों के औसत प्रदर्शन के बाद अपना काम बखूबी किया है। पिछले चार मैचों में मोहम्मद सिराज ने अपनी लय हासिल कर ली जबकि यश दयाल और स्पिनर स्वप्निल सिंह भी उपयोगी साबित हुए हैं।

**● पंत धीमी ओवर गति से जुड़े निलंबन के कारण नहीं खेलेंगे**

### रॉयल्स पर जीत दर्ज करके प्लेऑफ की उम्मीदों को मजबूत करने उतरेगा चेन्नई

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को मजबूत करने के लिए राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले मैच में हर हाल मे जीत दर्ज करनी होगी। सुपर किंग्स की टीम अभी 12 मैच मे 12 अंक लेकर अंक तालिका मे चौथे स्थान पर है लेकिन गुजरात टाइटंस के खिलाफ शुक्रवार को हार के कारण उस पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है और उसे अब बाकी बचे दोनो मैच मे जीत दर्ज करने की जरूरत है। दूसरी तरफ रॉयल्स के 16 अंक है और वह दूसरे स्थान पर है लेकिन पिछले दो मैच मे सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार के कारण उसका मनोबल गिरा है। रॉयल्स की टीम पर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने का खतरा नही मंडरा रहा है लेकिन संजू सैमसन की अगुवाई वाली टीम नॉकआउट चरण से पहले जीत की राह पर लौट के लिए बेताब होगी। सुपर किंग्स को गुजरात टाइटंस के खिलाफ सबसे बड़ी निराशा शीर्ष क्रम के बल्लेबाजो अजिंक्य रहाणे, रचिन रविंद्र और कप्तान रुतुराज गायकवाड से मिली। यह तीनो बल्लेबाज रॉयल्स के खिलाफ उसकी भरपाई करना चाहेंगे। डेरिल मिचेल और मोईन अली का अच्छा प्रदर्शन सुपर किंग्स के लिए इस मैच मे सकारात्मक पहलू रहा। टीम को शिवम दुबे से भी बड़े स्कोर की उम्मीद होगी। भारत की विश्व कप टीम मे चुना गया यह ऑलराउंडर गुजरात के खिलाफ 13 गेंद पर 21 रन ही बना पाया था। जहां तक चेन्नई सुपर किंग्स की गेंदबाजी का सवाल है तो तुषार देशपांडे ने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया जबकि शार्दुल ठाकुर ने किफायती गेंदबाजी की लेकिन उसके अन्य गेंदबाजों को अपने प्रदर्शन मे सुधार करना होगा।

### पंत की न होना नुकसानदायक, लेकिन अक्षर कप्तानी के लिए तैयार : पोंटिंग

**बेंगलुरु।** दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने शनिवार को कहा कि ऋषभ पंत के निलंबन के बाद अक्षर पटेल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में टीम की अगुआई करेंगे। इस आस्ट्रेलियाई ने पंत की अनुपस्थिति को टीम के लिए नुकसानदायक करार किया। टीम के नियमित कप्तान पंत पर शनिवार को इस आईपीएल में तीसरी बार धीमी ओवर के लिए एक मैच का निलंबन लगाया गया। पोंटिंग ने मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, कल के मैच में अक्षर पटेल टीम का नेतृत्व करेंगे। वह पिछले दो सत्र से टीम के उप कप्तान हैं। वह अनुभवी आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं। वह खेल को अच्छी तरह से समझते हैं। वह इसे लेकर उत्साहित हैं। दिल्ली कैपिटल्स को कुछ दिन पहले ही पंत पर प्रतिबंध लगने की संभावना के बारे में पता था और वे इसके लिए तैयारी कर रहे थे। हमने कुछ दिन पहले इस बारे में बात करना शुरू किया था। क्योंकि ऐसी संभावना थी कि ऋषभ पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

### ओलंपिक मेजबानी पर ठाकुर ने कहा, हम तैयार हैं और अन्य दावेदारों का आसानी से मुकाबला कर सकते हैं

**हमीरपुर।** खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने 2036 मे होने वाले ओलंपिक खेलो की मेजबानी के लिए भारत का दावा मजबूत करार देते हुए कहा कि देश अन्य दावेदारों का मुकाबला करने में सक्षम है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के नए अध्यक्ष का चुनाव अगले साल होना है और ऐसे मे 2036 के ओलंपिक खेलो के मेजबान का फैसला 2026 या 2027 से पहले होने की संभावना नही है। भारत की मेजबानी मे दिलचस्पी को आईओसी के वर्तमान अध्यक्ष थॉमस बाक समर्थन भी हासिल है जिनका मानना है कि भारत का दावा काफी मजबूत है। ठाकुर से जब पूछा गया कि क्या भारत के पास पोलैंड, इंडोनेशिया, मैक्सिको, कतर और सऊदी अरब जैसे कई देशों की दावेदारी का मुकाबला करने की क्षमता है तो उन्होंने पीटीआई भाषा को दिए गए साक्षात्कार ने कहा, हम पूरी तरह से तैयार है। हम आसानी से ऐसा कर सकते है। ठाकुर ने इन खेलों पर होने वाले खर्च के संबंध में कहा, पिछले साल हमारा पूंजीगत व्यय 10 लाख करोड़ रुपए था और उससे एक साल पहले यह 7.5 लाख करोड़ रुपए था। इस साल यह 11,11,111 करोड़ रुपए है।

### फेडरेशन कप: तीन साल बाद घरेलू दर्शकों के सामने खेल रहे नीरज चोपड़ा पर होगी निगाह

**भुवनेश्वर।** ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा रविवार से यहां शुरू होने वाली राष्ट्रीय फेडरेशन कप एथलेटिक्स प्रतियोगिता मे आकर्षण का केंद्र होगे लेकिन कई अन्य शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के कारण चार दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता की चमक थोड़ी कम हो गई है।यहां 26 वर्षीय खिलाड़ी तीन साल बाद पहली बार किसी घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा। इससे पहले चोपड़ा ने फेडरेशन कप में ही 21 मार्च 2021 को भाग लिया था और तब उन्होंने 87.80 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद चोपड़ा ने तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता था। वह 2022 में डायमंड लीग और 2023 मे विश्व चैंपियन बने। उन्होने चीन मे एशियाई खेलो मे अपने खिताब का भी बचाव किया था। चोपड़ा ने इस बीच डायमंड लीग के तीन व्यक्तिगत चरण भी जीते और 2022 मे विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया। यह भारतीय खिलाड़ी हालांकि अभी तक 90 मीटर की दूरी को छूने में नाकाम रहा है। उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। यह स्टार खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक की तैयारी मे जुटा है और उन्हे उम्मीद है कि वह ओलंपिक खेलों में अपने खिताब का बचाव करने मे सफल रहेंगे।

### राजस्थान रॉयल्स को अब तक प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लेना चाहिए था: फरेरा

**चेन्नई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के शुरूआती हिस्से मे शानदार लय हासिल करने वाली राजस्थान रॉयल्स के आल राउंडर डोनोवन फरेरा ने शनिवार को कहा कि टीम को अब तक प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लेना चाहिए था लेकिन अब भी तीन मैच बचे है जिससे उनके पास शीर्ष दो मे जगह बनाने का बढ़िया मौका है। कुछ दिन पहले तक आईपीएल तालिका मे शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स लगातार दो हार के बाद दूसरे स्थान पर खिसक गई। अब टीम रविवार को गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ जीत की लय मे वापसी के लिए बेताब होगी। फरेरा ने शनिवार को यहां मैच पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस मे कहा, हमें अब तक प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लेना चाहिए था। लेकिन आईपीएल एक लंबा टूर्नामेंट है और निश्चित रूप से इसका दूसरा हिस्सा महत्वपूर्ण है। राजस्थान रॉयल्स के अभी 16 अंक है जो शीर्ष पर चल रही कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बराबर है। लेकिन बेहतर नेट रन रेट के कारण केकेआर शीर्ष पर है। टूर्नामेंट के शुरूआती हिस्से में अहमने ज्यादातर मैच जीतकर अच्छी शुरूआत की थी। सीएसके के खिलाफ यह मैच हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है। हमारे तीन मैच बचे है। लेकिन हम इस मैच मे जीत से ही प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करना चाहते है क्योंकि हम खुद पर दबाव नही डालना चाहते।

### गिल और सुदर्शन की शानदार बल्लेबाजी ने हमारी रणनीति नाकाम की : चेन्नई के कोच फ्लेमिंग

**अहमदाबाद।** चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल और बी साइ सुदर्शन की बेहतरीन पारियो ने उनकी टीम की रणनीति को नाकाम कर दिया। गिल के 55 गेंद मे 104 रन और सुदर्शन के 51 गेंद मे 103 रन की मदद से गुजरात ने तीन विकेट पर 231 रन बनाए। जवाब मे चेन्नई की टीम आठ विकेट पर 196 रन ही बना सकी। गुजरात अब आठवे और चेन्नई चौथे स्थान पर है। यह शानदार पारियां थी। पहले ओवर से ही उन्होने हमारी रणनीति को नाकाम कर दिया। आखिरी ओवरों में हमने लौटने की कोशिश की। इन दो खिलाड़ियो की उम्दा पारियो ने हमें मैच मे लौटने नही दिया। हमे अपने कुछ खिलाड़ियों की कमी खली। जो खिलाड़ी आज खेल रहे थे , उन्होने पिछले मैच मे अच्छा प्रदर्शन किया था तो मनोबल ऊंचा था। कई बार आप सब कुछ ठीक करते है लेकिन विरोधी की अच्छी बल्लेबाजी आप पर दबाव बना देती है। इस मैच मे ऐसा ही हुआ।

### भारतीय फुटबॉल टीम का शिविर भुवनेश्वर में शुरू हुआ

**भुवनेश्वर।** कोचिंग स्टाफ और 19 खिलाड़ियों के शुक्रवार शाम यहां पहुंचने के बाद भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम का शिविर शनिवार को यहां शुरू हुआ।टीम के अन्य 13 खिलाड़ी 15 मई को शामिल होंगे।41 खिलाड़ियों की मूल सूची में से नौ खिलाड़ी चोटों या व्यक्तिगत कारणों से शिविर मे उपस्थित नही होंगे।खिलाड़ियो ने शनिवार सुबह जिम सत्र से ट्रेनिंग शुरू की जिसके बाद शाम को पिच पर अभ्यास हुआ। चोटो या निजी कारणो से शिविर में नही आने वाले खिलाड़ियों मे रोशन सिंह नाओरेम, मोहम्मद यासिर, विबिन मोहनन, राहुल केपी, इसाक वनलालरुआतफेला, आकाश मिश्रा, लालेंगमाविया राल्टे, दीपक टांगरी, लालरिनजुआला शामिल है।

### अमन और सुजीत पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने से एक जीत दूर, दीपक पूनिया बाहर

**इस्तांबुल।** दीपक पूनिया विश्व ओलंपिक क्वालीफायर में पहले दौर में मिली करारी हार के बाद ओलंपिक क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो गए लेकिन युवा अमन सेहरावत और सुजीत कलकल शनिवार को यहां सेमीफाइनल में पहुंच गए जिससे दोनों पेरिस कोटा हासिल करने से महज एक जीत दूर है। किसी भी भारतीय पुरुष पहलवान ने अभी तक पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नही किया है और यह कोटा हासिल करने का अंतिम मौका है। अंडर-23 विश्व चैम्पियन और सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप विजेता अमन से 57 किग्रा में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद थी और इस 20 साल के पहलवान ने भी निराश नही किया। उन्होंने अपने दोनों मुकाबलो में आसानी से जीत हासिल की। यूक्रेन के एंड्री यातसेंको को हराने से पहले उन्होंने जॉर्जी वालेनतिनोव को 10-4 से मात दी। यातसेंको ने भारतीय पहलवान को चुनौती दी लेकिन अमन उनके लिए काफी मजबूत साबित हुए। अमन ने अपने प्रतिद्वंद्वी को टेक डाउन के बाद तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की। अब वह उत्तर कोरिया के चोंगसोंग हान से भिड़ेंगे। तोक्यो ओलंपिक में मामूली अंतर से कांस्य पदक से चूके पूनिया (86 किग्रा) पहले मुकाबले में चीन के ताकतवर जुशेन लिन पर बढ़त लेने के बावजूद 4-6 से हार गए।

# जेम्स एंडरसन वेस्टइंडीज के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट के बाद संन्यास ले लेंगे



**लंदन।** महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने शनिवार को घोषणा की कि इस सत्र में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला का पहला टेस्ट उनके अंतरराष्ट्रीय करियर का आखिरी मैच होगा। एंडरसन ने अपने 20 साल के करियर में 700 टेस्ट विकेट लिए है। 2003 में पदार्पण करने वाले एंडरसन सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज के साथ इस प्रारूप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली सूची में मुथैया मुरलीधरन (800) और शेन वार्न (708) के बाद तीसरे स्थान पर है। एंडरसन ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, सभी को नमस्कार। मैं सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि आगामी घरेलू सत्र में लॉर्डस मैदान पर खेला जाने वाला पहला टेस्ट मेरा आखिरी टेस्ट होगा। उन्होंने कहा, जिस खेल को मैं बचपन से पसंद करता था उसमें अपने देश का 20 साल तक प्रतिनिधित्व करना अविश्वसनीय रहा है। इंग्लैंड के लिए खेलने की कमी मुझे बहुत खलेगी। एंडरसन ने इंग्लैंड के लिए 187 टेस्ट मैच खेले है। उन्होंने धर्मशाला में भारत के खिलाफ अपने करियर का 700 वां विकेट लिया था। जिमी उपनाम से जाने जाने वाले एंडरसन ने इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट मैच खेला है। वह सचिन तेंदुलकर (200) के बाद दूसरे सबसे ज्यादा टेस्ट मैच खेलने वाले खिलाड़ी है।मैं हालांकि जानता हूं कि अब दूसरों को भी उनके सपने साकार करने देने का समय आ गया है, जैसा कि मैंने किया क्योंकि इससे बड़ी कोई भावना नहीं है। इंग्लैंड के टेस्ट कोच ब्रैंडन मैकुलम ने एंडरसन से मुलाकात कर यह बताया था कि वह ऑस्ट्रेलिया में 2025-26 की एशेज की तैयारियों के तहत भविष्य के गेंदबाजों की ओर देख रहे हैं। एंडरसन अपनी काउंटी टीम लंकाशायर के लिए खेलना जारी रखेंगे या नहीं, यह अभी स्पष्ट नहीं है।मैं डेनिएला, लोला, रूबी और अपने माता-पिता के प्यार और समर्थन के बिना यह नहीं कर पाता। उन्हें बहुत-बहुत धन्यवाद। इसके साथ ही उन खिलाड़ियों और कोचों को भी धन्यवाद जिन्होंने इसे दुनिया का सर्वश्रेष्ठ काम बनाया। एंडरसन ने लिखा, उन सभी को धन्यवाद जिन्होंने वर्षों से मेरा समर्थन किया है। भले ही मेरे चेहरे पर ऐसा भाव ना दिखाई दे लेकिन यह हमेशा बहुत मायने रखता है, टेस्ट में मिलते हैं।

# प्लेआफ में पहुंच सकता है गुजरात, चमत्कार होते हैं : कप्तान गिल



**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल को उम्मीद है कि उनकी टीम आईपीएल के प्लेआफ में जगह बनाएगी हालांकि चेन्नई सुपर किंग्स को 35 रन से हराने के बावजूद उसके लिए राह आसान नहीं है। गुजरात 12 मैचों में 10 अंक लेकर आठवें और चेन्नई 12 अंक लेकर चौथे स्थान पर है। हमारी क्वालीफाई करने की संभावना 0 .। या। प्रतिशत है। हम सभी को लगता है कि हम अभी भी प्लेआफ में जगह बना सकते हैं। क्योंकि मैने देखा है कि इस टीम ने चमत्कर किए हैं और हम फिर कर सकते हैं।

### गुजरात टाइटंस ने सुशांत मिश्रा की जगह गुरनूर बरार से टीम में शामिल किया

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस ने बाएं हाथ के चोटिल तेज गेंदबाज सुशांत मिश्रा की जगह दाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरनूर बरार को टीम में शामिल किया है। गुरनूर घरेलू टूर्नामेंटों में पंजाब के लिए खेलते हैं और यह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनका दूसरा सत्र होगा। वह इससे पहले पंजाब किंग्स के लिए खेल चुके हैं। इस 23 साल के खिलाड़ी को आईपीएल के एक मैच का अनुभव है। उन्होंने पिछले सत्र में लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ पंजाब किंग्स का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने उस मैच में तीन ओवर में बिना कोई विकेट लिए 42 रन दिए थे।

# भाकर और अनीश भानवाला ओलंपिक चयन ट्रायल में शीर्ष स्थान पर



**भोपाल।** ओलंपियन निशानेबाज मनु भाकर और अनीश भानवाला शनिवार को यहां राइफल और पिस्टल के लिए ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) में अपनी स्पर्धाओं के क्वालीफिकेशन राउंड में मजबूत स्कोर से शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। अनीश ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में 587 अंक के स्कोर से शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि मनु महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में 585 अंक से तीसरे स्थान पर रहीं। फाइनल रविवार को होगा जिसमें क्वालीफाई करने वाले पांच निशानेबाजों महत्वपूर्ण पोडियम अंक जुटाने होंगे। महिलाओं की पिस्टल स्पर्धा में रिदम सांगवान 586 अंक से शीर्ष पर रहीं जबकि सिमरनप्रीत कौर बराड़ 585 अंक के साथ मनु को पछाड़कर दूसरे स्थान पर रहीं। ईशा सिंह (579) चौथे और अभिदन्या अशोक पाटिल (575) पांचवें स्थान पर रहीं। इसका मतलब फाइनल कैसा भी रहे मनु अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी पर कम से कम चार अंक की बढ़त से चौथे ट्रायल में उतरेगी। दूसरे स्थान के लिए ईशा, रिदम और सिमरनप्रीत के बीच कड़ी टक्कर होगी। भानवाला ने भी अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी पर दो अंक की बढ़त बनाई हुई है। विजयवीर सिद्धू और भावेश शेखावत के बीच दूसरे स्थान के लिए मुकाबला कड़ा होगा।

# नडाल इटैलियन ओपन में हुर्काज से हारे, फ्रेंच ओपन में खेलने पर संशय

**भाषा।** रोम



**दिग्गज राफेल** नडाल अपने आखिरी फ्रेंच ओपन में खेलने से पंद्रह दिन पहले अपने टेनिस के स्तर से इतने असंतुष्ट हैं कि वह अब रोलां गैरां में चुनौती पेश करने के बारे में गंभीरता से विचार कर रहे है। नडाल पहले ही संकेत दे चुके हैं कि यह टूर पर उनका अंतिम सत्र होगा। नडाल कूल्हे की सर्जरी के बाद खेलों में वापसी कर रहे है। इस 37 साल के खिलाड़ी को शनिवार को इटैलियन ओपन के तीसरे दौर में नौवीं रैंकिंग के हुबर्ट हुर्काज से।-6, 3-6 की करारी शिकस्त मिली। बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नडाल डेढ़ साल में पहली बार शीर्ष 10 के खिलाड़ी के सामने थे लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। अब हुर्काजा का सामना 25वीं वरीय टॉमस एचेवेरी से होगा जिन्होंने थियागो सेबोथ को 6-3, 7-5 से मात दी। कूल्हे की चोट के कारण नडाल 2023 में लगभग पूरे सत्र से बाहर रहे थे और अब भी फिटनेस हासिल करने में जुटे हैं। अगर नडाल फ्रेंच ओपन में अंतिम बार प्रतिस्पर्धी होना चाहते हैं तो उन्हें 26 मई से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट से पहले कोर्ट पर कड़ा अभ्यास करना होगा। रोलां गैरां में रिकॉर्ड 14 बार चैम्पियन बनने वाले नडाल ने कहा, मेरे लिए यह हर तरह से कठिन दिन था क्योंकि मैंने जैसा प्रदर्शन किया उससे कहीं अधिक तैयार महसूस कर रहा था। मैं आज थोड़ा अधिक अप्रत्याशित हूं, पिछले दो वर्षों से खेलने का पर्याप्त मौका नहीं मिला। बहुत सारे संदेह हैं। नडाल ने 2022 एटीपी फाइनल्स में चौथे नंबर को कैस्पर रूड को हराने के बाद शीर्ष 10 के खिलाड़ी का सामना नहीं किया है। नडाल के लिए क्ले कोर्ट पर यह पिछले 21 साल की सबसे करारी शिकस्त है। नडाल ने कहा कि उनके पास पेरिस के लिए दो विकल्प हैं। उन्होंने कहा, एक विकल्प यह है कि मैं यह मान लूं कि खेलने के लिए तैयार नहीं हूं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उनका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः011-69342500।